दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



आंखें देती हैं हेल्थ इंडिकेशंस | ट्रंप अब युद्ध नहीं चाहते!....

वर्ष : 12 | अंक : 121 | लखनऊ, 24 अप्रैल, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### राशन दुकानों से मिलेगा खाना पकाने का कोयला



**डेहरीऑनसन।** पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध आपके रसोईघर का तेल निकालने वाला है। रसोई गैस सिलेंडर की डगमगाई आपूर्ति व्यवस्था ने सरकार को कोयले पर कंधा टिकाने को मजबूर कर दिया है।अब खाना पकाने के लिए गैस सिलेंडर के बजाए कोयला खरीदना होगा। वह भी राशन कार्ड पर। प्रत्येक लाभुक परिवारों को प्रति माह एक क्विंटल कोयला उपलब्ध कराया जाएगा।

### आधुनिक तकनीक से स्टेट हैंगर का निर्माण



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को रांची स्थित बिरसा मुंडा हवाई अड्डा परिसर में निर्माणाधीन स्टेट हैंगर तथा संबंधित आधारभूत ढांचे के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण और समयबद्धता की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों और समयसीमा का कड़ाई से पालन करते हुए पूर्ण किए जाएं।

### गंगा में डूबने से 2 सगे भाई समेत 3 की मौत



**रायबरेली।** यहां सरेनी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले चार युवक गंगा स्नान करते समय एक दूसरे को बचाने के चक्कर में चारो युवक गहरे पानी में डूब गए। घाट के किनारे मौजूद लोग और गोतखोरों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया गया। नाजुक हालत में सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद दो सगे भाई समेत तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया।

## यूपी बोर्ड के टॉप-3 में 5 लड़कियां

# यूपी बोर्ड 10वीं में 90.42% स्टूडेंट्स पास, सीतापुर की कशिश और बाराबंकी की अंशिका 10वीं टॉपर

यूपी बोर्ड के 52 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं का इंतजार खत्म हो चुका है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। ठीक 4 बजे बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये रिजल्ट जारी किया गया। परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थी अपना रिजल्ट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ डिजिलॉकर पर भी देख सकते हैं...

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,**

यूपी बोर्ड के 10वीं का रिजल्ट जारी हो गया है। सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने टॉप किया है। दोनों को 97.83% अंक मिले हैं। 97.50% अंकों के साथ बाराबंकी की अदिति दूसरे स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर 97.33% अंकों के साथ सीतापुर की अर्पिता, झांसी के ऋषभ साहू और बाराबंकी की परी वर्मा रहीं।

इस तरह टॉप-3 में कुल 6 बच्चों ने अपनी जगह बनाई। खास बात यह है कि इनमें 5 लड़कियां हैं। टॉप-10 की बात करें तो 115 बच्चों ने जगह बनाई है। इसमें सीतापुर के 13, बाराबंकी के 9, फतेहपुर के 7, कानपुर नगर, इटावा और गोंडा के 6-6 टॉपर्स हैं।

अव्वल जिलों की बात करें तो भदोही सबसे आगे रहा। यहां के 95.78% अभ्यर्थी पास हुए। 95.40% के साथ आगरा दूसरे नंबर पर, जबकि 95.36% के साथ प्रयागराज तीसरे स्थान पर रहा। ललितपुर सबसे फिसड्डी रहा। यहां सिर्फ 80.22% अभ्यर्थी पास हुए। दूसरे नंबर पर पीलीभीत रहा, जहां 81.22%, जबकि तीसरे नंबर पर लखीमपुर खीरी रहा, जहां 83.76% बच्चे पास हुए।

### 10वीं में ये छात्रा रहीं टॉपर



1 कशिश वर्मा 97.83% सीतापुर



1 अंशिका वर्मा 97.83% बाराबंकी



2 अदिति 97.5% बाराबंकी



3 अर्पिता 97.33% सीतापुर



3 रिषभ साहू 97.33% झांसी



3 परी वर्मा 97.33% बाराबंकी

## 12वीं की टॉपर सूची में सीतापुर की शिखा वर्मा 97.60% अंक हासिल कर पहला स्थान पर रहीं

### 12वीं में ये छात्रा रहीं टॉपर



प्रथम: शिखा वर्मा 97.60%



द्वितीय: नंदनी गुप्ता 97.20%



द्वितीय: श्रेया वर्मा 97.20%



तृतीय: सुरभि यादव 97.00%



तृतीय: पूजा पाल 97.00%

इसी तरह इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम भी गुरुवार को जारी कर दिए गए हैं। बोर्ड ने इंटर के मेधावी विद्यार्थियों की सूची भी जारी की है, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। इंटर में प्रथम स्थान पर 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ सीतापुर की शिखा वर्मा रहीं। द्वितीय स्थान पर 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ बरेली की नंदनी गुप्ता और बाराबंकी की श्रेया वर्मा रहीं। तृतीय स्थान पर भी संयुक्त रूप से दो छात्राएं रहीं।

जिन्होंने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए, इनमें बरेली की सुरभि यादव और दूसरी बाराबंकी की पूजा पाल शामिल हैं। इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 12 मार्च को संपन्न हो गई थीं। हाईस्कूल की परीक्षा में करीब 26 लाख और इंटरमीडिएट में लगभग 24.50 लाख परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। बोर्ड ने मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से 4 अप्रैल तक पूरा किया। इसमें ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से नियुक्त 83,800 परीक्षकों समेत करीब 1.53 लाख कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया में तकनीकी सुधार भी किए गए। पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रयागराज, मेरठ, बरेली, वाराणसी और गोरखपुर सहित छह जिलों में पारंपरिक व्यवस्था के साथ-साथ परिषद के पोर्टल पर ऑनलाइन अंक अपलोड करने की व्यवस्था लागू की गई।

### सीएम योगी ने सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दी बधाई



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस संबंध में पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, "उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह सफलता आपके अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।आप सभी विद्यार्थी भविष्य में भी इसी लगन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सफलता के नित नए आयाम स्थापित करें, मां सरस्वती से यही प्रार्थना है।

## लड़कियां, लड़कों से 6.46% ज्यादा पास

इस बार 90.42% अभ्यर्थी पास हुए हैं। लड़कियां 93.76%, जबकि लड़के 87.30% पास हुए। इस हिसाब से लड़कियां, लड़कों से 6.46% अधिक पास हुई हैं। 2024 में 90.11% छात्र-छात्राएं पास हुए थे। इस साल 0.31% ज्यादा छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं।

### काशी में प्रिंसिपल रिजल्ट देखकर रो पड़े

काशी में पीएम श्री राजकीय क्वींस कॉलेज के छात्र सूर्यदीप ने 10वीं में जिला टॉप किया। रिजल्ट आते ही प्रिंसिपल सुमित कुमार श्रीवास्तव कुर्सी छोड़कर खड़े हो गए। उनकी आंखों से आंसू निकलने लगे। उन्होंने जिलाधिकारी और डीआईओएस भोलेंद्र प्रताप सिंह को रोते हुए कॉल किया और सूर्यदीप के टॉप करने की बात बताई।

### 98.53% कैदियों ने पास की परीक्षा

जेल से 68 कैदियों ने परीक्षा दी थी। इसमें से 67 में कैदी पास हुए हैं। कैदियों का पासिंग परसेंटेज 98.53 प्रतिशत है। पिछले 6 साल की बात करें तो पासिंग परसेंटेज में 18 प्रतिशत इजाफा हुआ है। 2020 में 83 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए थे।

### बदायूं बना टॉप जिला, आगरा और अलीगढ़ भी आगे

यूपी बोर्ड 10वीं रिजल्ट 2026 में इस बार जिला स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। बदायूं ने 95.78 प्रतिशत पास प्रतिशत के साथ टॉप पर जगह बनाई है। इसके बाद आगरा 95.40 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि अलीगढ़ ने 95.36 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। प्रयागराज भी 95.36 प्रतिशत पास प्रतिशत के साथ टॉप प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल रहा। इन आंकड़ों से साफ है कि इस बार कई जिलों ने एक समान रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिससे राज्य का कुल परिणाम मजबूत रहा है।

### मेधावियों को किया जाएगा सम्मानित

यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से विशेष सम्मान दिया जाता है। प्रदेश स्तर पर टॉप करने वाले विद्यार्थियों को एक लाख रुपये की नकद राशि, लैपटॉप और प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। वहीं, जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्रों को 21,000 रुपये की पुरस्कार राशि के साथ सम्मान-पत्र दिया जाता है।

# झालमुड़ी मैंने खाई, मिर्ची टीएमसी को लगी, यहां से भय जा रहा और भरोसा बढ़ रहा... अब दबी आवाजें मुखर हो रहीं

## 4 मई को परिणाम नहीं परिवर्तन आएगा, कृष्णानगर में जनसभा में बोले पीएम मोदी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग की जमकर तारीफ की और टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा मैं कह सकता हूं कि यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें हिंसा बिल्कुल न्यूनतम स्तर पर है। पहले तो हर हफ्ते किसी को फांसी पर लटका देना और उसे आत्महत्या बता देना आम बात थी। यहां अराजकता और गुंडागर्दी का राज था। उन्होंने कहा कियहां आज भय पर भरोसे की विजय का विश्वास दिख रहा है। बरसों से जिनकी आवाज को दबाकर रखा गया था, वे अब एक सुर में बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तंज कसते हुए कहा झालमुड़ी मैंने खाई और मिर्ची टीएमसी को लग रही है।

### टीएमसी के जंगलराज का विरोध हो रहा

उन्होंने कहा कि टीएमसी के विधायकों, मंत्रियों, स्थानीय नेताओं और उनके सिंडिकेट के खिलाफ इतना गुस्सा है कि टीएमसी कई शहरों में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। 15 साल पहले लोगों ने वामपंथियों के खिलाफ बिगुल फूंका था। जंगल राज के विरोध में बंगाल की जनता गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में शंख फूंक रही है।



संबोधन के पहले प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण जी की मूर्ति भेंट की गई

### यह चुनाव जनता लड़ रही

पीएम मोदी ने कहा कि यह चुनाव हम नहीं लड़ रहे हैं, इस बार बंगाल में चुनाव खुद यहां की जनता लड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह उत्साह, यह उमंग, यह जोश भरोसे का है। भय जा रहा है, भरोसा आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव, गली-गली, स्त्री-पुरुष, युवा-बुजुर्ग सब एक साथ बोल रहे हैं और बदलाव चाहते हैं।

### ईसी ने बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की गरिमा को फिर से स्थापित किया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में यह अपनी तरह का पहला चुनाव है जिसमें हिंसा को न्यूनतम स्तर पर रखा गया है। पहले अराजकता और गुंडागर्दी का दौर चल रहा था। मैं चुनाव आयोग को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की गरिमा को फिर से स्थापित किया है।

18 मिनट मे पीएम मोदी के हैंडल से 3 पोस्ट

### 99 साल के शख्स ने प्रधानमंत्री मोदी को बनाया अपना मुरीद

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा देखा कि वे एक 99 साल के बुजुर्ग के मुरीद हो गए। उन्होंने बुजुर्ग की बात से प्रभावित होकर सिर्फ 18 मिनट में 3 पोस्ट कर दिए। यह मामला मतदान के महत्व और युवाओं को जागरूक करने से जुड़ा है। एक पूर्व मंत्री और बुजुर्ग नेता की अपील ने प्रधानमंत्री को मुरीद बनाया।

कोलकाता में डटे गृहमंत्री शाह

### दूसरे राउंड का प्लान तैयार टीएमसी का सूरज डूब रहा



बंगाल में पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। इस बीच भाजपा ने दूसरे चरण के लिए भी तैयारियां तेज कर दी हैं। गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता में भाजपा नेताओं की प्रदेश कार्यालय पर मीटिंग ली। इस मीटिंग में दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियों पर बात की। शाह ने कहा कि पहले चरण में ही टीएमसी का सूरज डूबा।

सुवेंदु बोले- ममता की हार तय

### बंगाल से घुसपैठिए और फर्जी वोटर हटे



नंदीग्राम और भवानीपुर से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि मैंने अपने क्षेत्र के सभी पोलिंग एजेंट से बात की है और शांतिपूर्ण मतदान की उम्मीद जताई है। उन्होंने दावा किया कि मृतक वोटर, फर्जी वोटर और घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं तो ममता बेनर्जी के जीतने की कोई संभावना नहीं है।

राहुल का टीएमसी पर वार

### अगर ममता ने सही से सरकार चलाई होती...



पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनाव को लेकर वोटिंग पूरी हो गई है। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर हमला बोला है। राहुल ने वीडियो में कहा कि सिर्फ ममता की वजह से पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए रास्ता खुला है।

### मुझे किसी पद में दिलचस्पी नहीं: मुख्यमंत्री ममता



**कोलकाता।** बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने पहले चरण के मतदान में रिकॉर्ड संख्या में लोगों के आने पर कहा कि इससे संकेत मिलता है कि टीएमसी चुनाव जीतने की स्थिति में है। ममता ने कोलकाता के बो बाजार इलाके में एक रैली में कहा कि दिल्ली पर विजय हासिल करेंगी। मुझे किसी पद में दिलचस्पी नहीं है। रहा है।

## दिग्गजों ने किया मतदान



चेन्नई। एक्टर कमल हासन ने मतदान किया



कोलकाता। परिवार के साथ सुकांता मजूमदार ने वोट डाला



चेन्नई। इलैयाराजा



103 वर्षीय राजागोपाल



चेन्नई। पलानीस्वामी



चेन्नई। सीएम स्टालिन



कोलकाता सुवेंदु अधिकारी



चेन्नई। एक्टर विजय



कोलकाता। झारग्राम में महिला का जज्बा



चेन्नई। एक्टर एसवी ई शेखर स्याही दिखाते हुए



कोलकाता। नंदीग्राम में महिलाओं ने किया भारी मतदान



चेन्नई। नागरकोइल में बारी का इंतजार करती महिलाएं



चेन्नई में 3 पीढ़ी के लोग वोट डालने आए

# डबल इंजन सरकार वंचितों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध

## बाबासाहेब के आदर्शों से सशक्त हो रहा भारत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को शिक्षा निदेशालय प्रांगण, प्रयागराज में संविधान शिल्पी, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी तथा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर केवल संविधान के निमार्ता ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक क्रांति के महानायक, न्याय और समानता के प्रबल पक्षधर तथा आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। उन्होंने भारतीय समाज को एक नई दिशा देते हुए वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब द्वारा प्रदत्त संविधान आज भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है, जो प्रत्येक नागरिक को समान अवसर, स्वतंत्रता



और न्याय की गारंटी देता है। उनके विचार शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। श्री मौर्य ने कहा कि यदि हमें एक समतामूलक और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना है, तो बाबासाहेब के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार बाबासाहेब के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज गरीब, दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों को आवास, शौचालय, मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों के जरिए सशक्त किया जा रहा है। यह सभी प्रयास बाबासाहेब के उस स्वप्न को साकार करने की दिशा में हैं, जिसमें हर व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन मिले। श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हम सभी बाबासाहेब के आदर्शों को अपनाते हुए समाज में समानता, भाईचारा और समरसता को मजबूत करें तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विधायकगण गुरु प्रसाद मौर्य , हर्षवर्धन बाजपेयी , पियूष रंजन निषाद, महापौर गणेश केसरवानी , विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ,के अलावा राजेश शुक्ल , निर्मला पासवान, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं अन्य प्रतिष्ठितजन उपस्थित रहे।

## ट्रॉमा वेंटिलेटर यूनिट में नौ वेंटिलेटर बेड बढ़े

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा वेंटिलेटर यूनिट में नौ वेंटिलेटर बेड बढ़ाए गए हैं और डायलिसिस की संख्या भी बढ़ाई गई है। ऐसे में अति गंभीर मरीजों को भर्ती होने में आसानी होगी। गुरुवार से यूनिट का विस्तार करके सभी बेड पर मरीजों की भर्ती चालू कर दी गई है। हर दिन ट्रॉमा सेन्टर में 200 से 250 मरीज इलाज के लिए आते हैं, इसमें 15 से 20 मरीज आईसीयू वेंटिलेटर के लिए प्रदेश भर से आ रहे हैं। वेंटिलेटर खाली न होने की स्थिति में मरीजों को निजी केंद्र पर जाना पड़ता था।


## प्रयोगशाला सहायक एसोसिएशन के 18 मंडलीय सचिव मनोनीत

लखनऊ । उप्र प्रयोगशाला सहायक एसोसिएशन( चिकित्सा -स्वास्थ्य ) की प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में संगठन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के 18 मंडलों में मंडलीय सचिवों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से आज कर दी गई। एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री सीएल गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 18 मंडलीय सचिवों की नियुक्ति से संगठन मजबूत होगा, इससे जनपद इकाइयों को संगठित करने में भी सहयोग मिलेगा। एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री सी एल गुप्ता, उपाध्यक्ष गण आर के सिंह, ए सी वर्मा, रणधीर सिंह, अजय यादव मीडिया प्रभारी एमके गुप्ता, मनोज सिंह सहित प्रदेश से अनेक पदाधिकारियों ने नव नियुक्त मंडलीय सचिवों को बधाई दी है।

## केजीएमयू में कुलपति के लिए आवेदन 15 तक

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालरय (केजीएमयू) के लिए नये कुलपति के लिए जन भवन की ओर से आधिकारिक विज्ञापन जारी कर दिया गया है। पात्र अभ्यर्थी 15 मई तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हालांकि, गुरुवार देर शाम तक जन भवन की वेबसाइट पर कुलपति की नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन नहीं खुल रहा था। मौजूदा कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद का कार्यकाल अगस्त में पूरा होगा।

# गौशाला में फंदे से लटका मिला किशोर , अस्पताल में मृत घोषित





अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के हैवत मऊ मवैया इलाके में बुधवार देर रात एक किशोर द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार दीपांशु पाल (17) पुत्र सुरेंद्र पाल ने घर से कुछ दूरी पर स्थित गौशाला में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तत्काल एसजीपीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर की मोर्चरी भेजा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, मामले में कानून-व्यवस्था से जुड़ी कोई समस्या नहीं है, वहीं आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

# सड़क किनारे घायल मिले बीडीसी की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



मृतक राजू फाइल – फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र के चांदपुर रसूलाबाद गांव के बीच जिओ पेट्रोल पंप के पास बीती रात एक दर्दनाक हादसे में क्षेत्र पंचायत सदस्य राजू (30) की मौत हो गई। वह काकोरी थाना क्षेत्र के कटौली गांव के निवासी थे और मलिहाबाद इलाके के हरिहरपुर गांव में अपने भांजे आकाश (निवासी जगदीशपुर) की बारात में शामिल होने आए थे। बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात करीब एक बजे वह अचानक लापता हो गए। कुछ देर बाद राहगीरों ने उन्हें चांदपुर गांव के पास सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा देखा। सूचना पर उन्हें एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बृहस्पतिवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल की जांच में सामने आया है कि राजू को पैदल चलते हुए कुछ लोगों ने देखा था। प्रथम द्दष्टया मामला अज्ञात वाहन की टक्कर का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। कटौली गांव के प्रधान नवीन यादव ने बताया कि राजू के पिता मेवालाल का निधन उनके बचपन में ही हो गया था, जबकि उनकी मां का भी कुछ वर्ष पहले देहांत हो चुका है। परिवार में उनकी चार बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। राजू अविवाहित और परिवार में इकलौते थे। वहीं, रहीमाबाद क्षेत्र में उनकी कोई रिश्तेदारी नहीं थी, ऐसे में वह वहां कैसे पहुंचे, यह सवाल अभी भी अनसुलझा बना हुआ है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# लखनऊ की बेटियों का जलवा, हाईस्कूल मेरिट में अदरिजा और आरोही ने बनाई जगह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 2026 में राजधानी की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। लखनऊ की अदरिजा चौरसिया और माल इलाके के लतीफपुर निवासी प्रदीप सिंह की बेटी ठाकुर आरोही सिंह ने टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान हासिल करते हुए 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दोनों छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर संयुक्त रूप से 10वीं रैंक हासिल की है। यूपी बोर्ड द्वारा घोषित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणामों में इस बार भी छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। लखनऊ की इन दोनों मेधावी छात्राओं की सफलता ने न सिर्फ उनके समाज और परिवार, बल्कि पूरे शहर को गौरवान्वित किया है। दोनों छात्राएं लखनऊ पब्लिक स्कूल, राजाजीपुरम शाखा की हैं। एक ही विद्यालय की दो छात्राओं का प्रदेश की शीर्ष सूची में शामिल होना संस्था की उच्च शैक्षिक गुणवत्ता और



माता पिता के साथ छात्रा आरोही सिंह

अनुशासित वातावरण को दशार्ता है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम बताया। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर और छात्राओं के घरों में उत्सव जैसा माहौल बन गया। मिठाइयां बांटी गईं, शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और सम्मानित किया। हर ओर खुशी और गर्व का वातावरण देखने को मिला। इस वर्ष के परिणामों में एक बार फिर बेटियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। अदरिजा चौरसिया और आरोही सिंह की सफलता इस बात का प्रमाण है कि लखनऊ की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रही हैं। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए दोनों छात्राओं ने बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वाध्याय पर विशेष ध्यान दिया। साथ ही सोशल मीडिया से दूरी बनाकर लक्ष्य पर फोकस बनाए रखना उनकी सफलता का प्रमुख मंत्र रहा।

# केशवनगर में एलजी गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान खाक



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मड़ियांव थाना क्षेत्र के केशवनगर में बृहस्पतिवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एलजी के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। गोदाम में रखे इलेक्ट्रॉनिक सामान और महंगे उपकरणों के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और लोग घरों से बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि गोदाम में बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखे थे, जिससे आग तेजी से फैलती चली गई। हालांकि, समय रहते दमकल विभाग की टीमों ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया, जिससे आसपास के अन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान होने से बचा लिया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# बेकाबू कार ने ली बुजुर्ग महिला की जान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चंद्रिका देवी मार्ग पर गुरुवार सुबह बेकाबू कार ने एक बुजुर्ग महिला की जान ले ली। वहीं हादसे में मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### घर के बाहर खड़ी थी महिला

बीकेटी के पकरिया के पास हरधौरपुर गांव निवासी शिवशंकर यादव का मकान और आटा चक्की सड़क किनारे स्थित है। गुरुवार सुबह करीब सात बजे उनकी 60 वर्षीय मां रामा और बेटा अमित यादव घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान बीकेटी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही इनोवा (यूपी 32 एनक्यू 9494) ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी।

### बाइक भी टूट गई

टक्कर इतनी भीषण थी कि रामा कई फीट दूर जा गिरीं, जबकि पास खड़ी मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल रामा को परिजन तत्काल राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय ले गए, जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

### ड्राइवर की हो रही तलाश

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के बेटे शिवशंकर यादव की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वाहन के आधार पर चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# उत्तर जोन का क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन आज

## नौ राज्यों के कृषि मंत्री, अफसर, प्रगतिशील किसान व वैज्ञानिक लेंगे हिस्सा

अमन लेखनी समाचार



- मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री व राज्यमंत्री रहेंगे मौजूद
- 40 हजार कुंतल ढेंचे के बीज किसानों को मिलेंगे

**लखनऊ।** उत्तर जोन खेती का प्राण है। कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने अनेक सकारात्मक कदम उठाए हैं। यूपी के इस कदम के कारण केंद्रीय किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में 24 अप्रैल (शुक्रवार) को सेंट्रम होटल में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर जोन) होगा। इसमें 9 राज्यों (उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब व दिल्ली) के कृषि मंत्री, उद्यान मंत्री, प्रमुख सचिव, निदेशक, एफपीओ, प्रगतिशील किसान, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, भारत सरकार के अधिकारी आदि रहेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी व रामनाथ ठाकुर भी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दी।

लोकभवन में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में आयोजन के संबंध में जानकारी देते उन्होंने बताया कि इसमें कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की प्रगति, राज्यों के किसानों, केंद्र के स्टार्टअप, एफपीओ, नाबार्ड, बैंकों, मिल मालिकों, प्रसंस्करण इकाइयों, बागवानी की संभावनाओं, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की प्रगति, बीज एजेंसियों, खरीद एजेंसियों, सिंचाई कंपनियों, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन आदि पर चर्चा व समीक्षा भी होगी। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों के कल्याण व आमदनी को लेकर विभिन्न राज्यों ने बेहतर कार्य किया है। वे अपने कार्यों का प्रस्तुतिकरण देकर अन्य राज्यों को भी अवगत कराएंगे। उत्तर प्रदेश के अंदर गन्ने के साथ इंटरक्रॉपिंग शुरू कराई गई है। इसके साथ ही धान की सीधी बोआई (डीएसआर) विधि को लेकर भी प्रस्तुतिकरण होगा। भारत सरकार ने सर्वोत्तम पद्धति मानते हुए इसे किसानों के हित का भी बताया है। वहीं पंजाब सरकार ने धान के फसल विविधीकरण की पद्धति, हिमाचल व उत्तराखंड ने बागवानी के क्षेत्र में विशेष पद्धति अपनाई है। इसके साथ ही कृषि के क्षेत्र में अन्य राज्यों के विभिन्न सकारात्मक कार्यों की भी जानकारी आदान-प्रदान होगी। सम्मेलन में नकली कीटनाशकों, उर्वरकों की कालाबाजारी पर नियंत्रण, प्रभावी वितरण, इसके विकल्पों को बढ़ावा देने, संतुलित उपयोग, रासायनिक फर्टिलाइजर की जगह पर अल्टरनेटिव फर्टिलाइजर के प्रयोग को लेकर भी पर विस्तृत चर्चा व समीक्षा भी होगी। सम्मेलन में उत्तर जोन के लिए आगे क्या पॉलिसी बनाई जाए और इसके जरिए किसानों को कैसे सामर्थ्यवान व आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा सके, इस पर भी चर्चा होगी। कृषि मंत्री ने एक सवाल के जवाब में बताया कि उत्तर प्रदेश में उर्वरक की कोई समस्या नहीं है। उत्तर प्रदेश में 20 लाख मीट्रिक टन से अधिक फर्टिलाइजर है। इसमें साढ़े 11 लाख एमटी यूरिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि लगभग 40 हजार कुंतल ढेंचे का बीज किसानों को उपलब्ध कराएगी, जिससे यूरिया की 20 प्रतिशत खपत कम होगी।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट, गला दबाकर हत्या का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला के घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद के ग्राम हाफिज खेड़ा निवासी सविता पत्नी मोलेहे ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि बुधवार दोपहर को पुरानी रंजिश के चलते गांव की ही पिंकी पत्नी देवकी नंदन यादव, बिट्टा पुत्री हरदयाल यादव, शिवांशी पुत्री हरदयाल यादव तथा देवकी नंदन की माता सतीरा एक राय होकर उनके घर में घुस आईं। आरोप है कि सभी ने मिलकर उनकी देवरानी के साथ लात घुसों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार जब उन्होंने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उन्हें भी जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। इस हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपित जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। इस संबंध में मलिहाबाद एसीपी सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि शिकायत के आधार पर एससी/एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# शहर में 6 जगह आग से तबाही, लाखों का नुकसान

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** हजरतगंज के पास पराग डेरी में आग लगने की सूचना से हड़कम्प मचा गया। वहीं कई अन्य थाना क्षेत्रों में भी आग लगने की घटनाएं हुईं। विकासनगर, सरोजनीनगर, मड़ियांव, आशियाना व तालकटोरा थाना क्षेत्रों में आग लगने से दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग को समय से बुझा लिया गया।

गुरुवार को समय 15:42 बजे फायर स्टेशन हजरतगंज के कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि वजीर हसन रोड हजरतगंज लखनऊ में आग लग गई है। इस सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में हजरतगंज से अग्निशमन अधिकारी रामकुमार रावत 01 फायर टेंडर मय यूनिट के साथ घटनास्थल रवाना हुए और विधानसभा पर स्टैंड बायी ड्यूटी में लगे फायर टेंडर को मय यूनिट के घटनास्थल पर पहुंचाने के लिए निर्देश दिया। कुछ समय में दोनों फायर टेंडर पहुंच गए देखा तो परिसर के अंदर टूट रही बिल्डिंग में लगी हुई थी, जिसको मोटर फायर इंजन से पंपिंग करके आग को बुझाना प्रारंभ किया गया। दोनों मोटर फायर इंजन से पंपिंग करते हुए लैडर के सहारे भवन की दीवार पर चढ़कर 02 फायर टेंडर की मदद से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। बाद में जानकारी की गई तो मौके पर उपस्थित प्रखर गुप्ता ने बताया गया कि कंडम







भवन को तोड़कर सामान को ले जाया जा रहा था। लोहे के चद्दर को काटते समय निकली चिंगारी से टीनशैड पर पड़े पत्तों में आग लगी और आग फैल गई। विकासनगर थाना क्षेत्र में मामा चौराहे के पास स्थित बैंक में आग लगने से हड़कम्प मचा, जिसे समय रहते काबू किया गया। दमकलकर्मियों ने आग को बुझाया। कोई भारी क्षति नहीं हुई है। उधर, दोपहर 12:35 बजे फायर स्टेशन सरोजनीनगर कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एयरफोर्स स्टेशन मेमोरा के अंतर्गत आग लगी है। सूचना प्राप्त होते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह एफएस सरोजनीनगर 01 फायर टेंडर मय यूनिट के घटनास्थल के लिए रवाना हुए। यूनिट ने घटनास्थल पहुंच कर देखा कि एयर फोर्स स्टेशन मेमोरा के अंदर गार्डन एरिया में घास फूस में आग लगी हुई थी। दमकलकर्मियों ने आग को बाउंड्रीवॉल के सहारे सीढ़ी लगाकर पंपिंग करते हुए पूर्ण रूप से बुझा दिया।

इसी तरह थाना मड़ियांव क्षेत्र के केशवनगर चौकी क्षेत्र स्थित एलजी के गोदाम में लगी। गोदाम में रखे इलेक्ट्रॉनिक सामान और कीमती उपकरणों के कारणआग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुची और करीब एक गठटे में दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। उधर, हजरतगंज क्षेत्र अंतर्गत प्रयागपुर टावर (शक्ति भवन के पीछे) के चतुर्थ तल पर बाथरूम के फॉल सीलिंग में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी, जिससे स्मोक पूरे भवन में फैल गया था। अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज राम कुमार रावत के नेतृत्व में दो फायर टेंडर तत्काल घटनास्थल पहुंचे और समय रहते आग पर काबू पाय। उधर, आशियाना क्षेत्र में दोपहर करीब 12 बजे रजनीखण्ड पावर हाउस के सामने पार्क में चल रहे समारोह के गैस सिलेण्डर में आग लगी। अग्निशन कर्मियों ने समय रहते काबू पाया। बताया जा रहा है कि अभिषेक पुत्र रामकरन द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा था, जिसमें भोजन बनाने के दौरान गैस सिलेण्डर में आग लग गयी थी। इसकी सूचना पर अग्निशमन केन्द्र आलमबाग की यूनिट पहुंचक आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया।

वहीं दोपहर करीब 01:19 बजे तालकटोरा अन्तर्गत जलालपुर रेलवे क्रासिंग के बगल में झोपड़ी में आग लगी। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी आलमबाग धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन केन्द्र आलमबाग से 02 फायर टैकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए प्रस्थान हुए। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा की आग झुग्गी-झोपड़ियों में लगी है तथा भयंकर जल रही है । आसपास कई और झोपड़ियां है. जिस पर तत्काल आग को आगे बढ़ने से रोकते हुए दो तरफ से आग को बुझाना प्रारम्भ किया गया। करीब 30 मिनट में आग को कंट्रोल करते हुए पूर्ण रूप से बुझा दिया गया और आसपास की झोपड़ियों तक आग को पहुंचने से रोका गया।

# स्पेशल अपील दाखिल करने में देरी पर हाईकोर्ट सख्त, यूपी सरकार की 11 विशेष अपीलें खारिज

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर 11 विशेष अपीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकार अपीलें दाखिल करने में हुई देरी के लिए पर्याप्त कारण प्रस्तुत नहीं कर सकी। सरकार की स्पोषल अपीलें खारिज होने के बाद पीडल्यूडी के तमाम जूनियर इंजीनियरों को मिली बड़ी राहत मिलते हुए अन्य लाभों के साथ पुरानी पेंषन स्कीम का लाभ मिलना तय हो गया है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की पीठ ने राम गोपाल गुप्ता व अन्य की ओर से अलग अलग दाखिल स्पेषल अपीलों पर एक साथ सुनवायी करते हुए पारित किया। ये सभी अपीलें 9 सितंबर 2025 को एकल पीठ द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ दाखिल की गई थीं। एकल पीठ ने पीडब्ल्यूडी में 1984 से 1989 के बीच डेली वेजर अथवा वर्क चार्ज कर्मचारी के रूप में बड़ी संख्या में नियुक्त इन जूनियर इंजीनियरों को 2006 के बजाय 2001 से विनियमित करने का आदेश दिया था। जिसके परिणाम स्वरूप इन जूनियर इंजीनियरों को अन्य तमाम लाभों के साथ साथ पुरानी पेंषन स्कीम का लाभ मिलना भी तय हो गया जिस कारण सरकार पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ना तय हो गया । इससे परेशान राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश को स्पेशल अपीलें दाखिल करके दो जजों की पीठ के सामने एकल पीठ के फैसले को चुनौती दी थी। स्पेशल अपीलों पर सुनवायी करते हुए कोर्ट ने पाया कि सभी अपीलें समय सीमा समाप्त होने के बाद दायर की गई थीं, जिनमें देरी 93 दिन से लेकर 195 दिन तक की थी। राज्य सरकार की ओर से इन अपीलों पर बहस करने के लिए ऊंची फीस पर नियुक्त किये गये विषेश अधिवक्ता ने बहस करते हुए देरी के लिए फाइलों के मूवमेंट, विभागीय प्रक्रिया, छुट्टियों और विधानमंडल सत्र जैसे कारण बताए, लेकिन कोर्ट ने इन्हें पर्याप्त नहीं माना। कोर्ट ने टिप्पणी की कि सरकार के पास सुव्यवस्थित तंत्र और संसाधन होते हैं, ऐसे में केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं या रेड-टेप का हवाला देकर देरी को उचित नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ फाइलों के घूमने को पर्याप्त कारण नहीं माना जा सकता।

## संक्षेप

### गैस सिलेंडर फटने से तीन घरों में लगी आग, लाखो का सामान जलकर राख

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। गैस सिलिंडर फटने से तीन घरों में आग लग गयी।आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है।थाना क्षेत्र के गांव बहादुरखेड़ा निवासी बाबूलाल ने बताया कि बुधवार की रात खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाया आग गैस सिलिंडर में लग गयी।सिलिंडर में लगी आग देखकर वह बाहर भागा,तभी धमाके के साथ सिलिंडर फट गया।सिलिंडर फटते ही बाबूलाल के घर में आग लग गयी।आग में अनाज,नगदी सहित अन्य सामान जल गया।ग्रामीण जबतक आग पर काबू पाते आग ने मुन्नीलाल,मंशाराम व पुत्तीलाल के घरों को चपेट में ले लिया।तीनों घरों में भी छप्पर,भूंसा आदि सामान जल गया।राजस्व कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर अग्निकाण्ड में हुई क्षति का आकलन किया।जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

### अज्ञात बस ने कार में मारी टक्कर तीन घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के एक्सप्रेसवे मार्ग पर अज्ञात बस से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुई कार सवार तीन लोग घायल हो गए जिन्हे बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया गया।चालक मनजीत मौर्य पुत्र कन्हैयालाल निवासी लखनपुर थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर एक लग्जरी कार लेकर राजस्थान से जौनपुर लेकर जा रहा था तभी गुरुवार को अलसुबह बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव रघुरामपुर के निकट कार किसी तरह एक अज्ञात बस से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में चालक मंजीत व बसंत पुत्र केदारनाथ तथा इंद्रजीत पुत्र बबलू यह तीनो लोग घायल हो गए हादसे की सूचना पर यूपीडा टीम द्वारा उन्हें बांगरमऊ अस्पताल ले जाकर भरती कराया गया जहा से उन्हें रेफर कर दिया गया तथा क्षतिग्रस्त कार का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर खड़ी कराया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना गुरुवार शाम करीब साढ़े पांच बजे पपरियां रोड पर हुई। घायल युवक को सीएचसी बांगरमऊ ले जाया गया, जहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।जानकारी के अनुसार, रुस्तमपुर गांव निवासी 23 वर्षीय अवधेश पुत्र धनीराम बांगरमऊ से अपने घर लौट रहा था। गांव के निकट ही एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अवधेश सड़क किनारे खंती में जा गिरा।राहगीरों की मदद से घायल अवधेश को तत्काल सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद से अवधेश के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है।

# हाई स्कूल इंटर मीडिएट के परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने जनपद का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार







सुमेरपुर, उन्नाव।माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाई स्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा में छात्राओं ने कीर्तिमान स्थापित कर प्रदेश व जनपद मे विद्यालय का मान बढ़ाकर गौरव स्थापित किया। उनकी इस सफलता पर क्षेत्रवासियों ने हार्दिक बधाई देकर उनका उत्साह वर्धन किया। इसी क्रम में क्षेत्र के तनगापुर एस सी डी इंटर कॉलेज की छात्रा राखी रावत ने हाई स्कूल परीक्षा में 600 में 579 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है वहीं इसी विद्यालय की छात्रा खुशी सिंह ने 600 में 571 अंक एवं छात्रा अंशिका ने 600 में 566 अंक प्राप्त कर जनपद में स्थान बनाया है।इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा मे त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज के छात्र तन्मय सिंह ने 600 में 566 अंक प्राप्त कर जिले मे छठवां स्थान प्राप्त किया है । वही त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज के अभय अवस्थी ने 500 में 454 अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया, एस बी एस आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल केदारखेड़ा की छात्रा कंचन देवी ने 500 में 448 अंक प्राप्त कर जिले में सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज के छात्र तनिष्क ने 500 में 445 अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया । कस्बा भगवंत नगर स्थित लाल बहादुर इंटर कॉलेज पतारी की छात्रा जिया चौधरी ने 500 में 446 अंक प्राप्त कर जिले में नवा स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। विकास खण्ड हिलौली के सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह में बीईओ सुरेश कुमार ने कहा कि शिक्षक कभी अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं होते है, बल्कि सेवाकाल पूर्ण कर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हैं।इस दौरान दो सत्रों के कुल तीन शिक्षकों को अंगवस्त्र, गीता की पुस्तक, कपड़े, फल आदि देकर सम्मानित किया गया। गुरुवार को बीआरसी मौरावां में प्राथमिक व जूनियर शिक्षक संघ के द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह के संयुक्त आयोजन में खण्ड शिक्षा अधिकारी हिलौली सुरेश कुमार ने कहा कि शिक्षक सदैव अपने छात्रों व समाज के प्रति समर्पित रहता है। सही मायने में वह राष्ट्र निमार्ता है। बीईओ ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। सेवानिवृत्त शिक्षकों में बीते वर्ष 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त हुए राम आसरे वर्मा प्रधान शिक्षक यूपीएस शिवराजखेड़ा व विष्णु नारायण प्रधान शिक्षक पीएस भूपखेड़ा तथा इसी वर्ष मार्च 2026 को मनोजकांत शुक्ला प्रधान शिक्षक पीएस बाल हिलौली शामिल हैं। इस दौरान वक्ताओं में अनिल शुक्ल मण्डलीय मंत्री जूनियर शिक्षक संघ, शिवम चौरसिया तहसील प्रभारी व ब्लाक अध्यक्ष विकास सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ, ब्लाक अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ कमलेश कुमार, पूर्व एआरपी डी० के० मिश्रा, प्रदीप मिश्र आदि ने भी सेवा से मुक्त वरिष्ठ शिक्षकों को बधाई देते हुए दीघार्यु व स्वस्थ रहने की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन जूनियर शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष सरल कुमार ने किया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष प्रवीण शुक्ला, मंत्री सहदेव, मोहर्रम अली, राजेन्द्र कुमार, पंकज चौरसिया, अनुराग मिश्रा, धर्मेन्द्र, अंकित बाथम, आदम अली, कुलदीप वर्मा, राम प्रकाश, अमित वर्मा, गोबर्धन सिंह, योगेश मिश्रा, कमल कुमार, नीरज कुमार, अंजू अवस्थी, दुर्गेश, विवेक, आत्माराम, शेर बहादुर, विद्याशंकर मिश्रा, विकास सिंह, शिवम चौरसिया, आनंद सोनवानी, शिवाकांत, योगेश मित्रा, देवेन्द्र सिंह, अजय सिंह, पुनीत वर्मा, उपेन्द्र वर्मा, शेर बहादुर, कमल किशोर, दिनेश सिंह समेत आधा सैकड़ा से अधिक शिक्षक व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक सवार युवक ने मासूम को मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रही पांच वर्षीय बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना गुरुवार दोपहर करीब एक बजे रसूलाबाद-सफीपुर मार्ग पर स्थित लोचन खेड़ा गांव में हुई। लोचन खेड़ा निवासी राधेश्याम की पांच वर्षीय बेटी सोनिका प्रचून की दुकान पर सामान खरीदने जा रही थी, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। घायल सोनिका को उसके बड़े भाई मनोज कुमार और अन्य परिजनों ने मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर पंकज वर्मा ने सोनिका की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में बच्ची की हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से अपनी बाइक लेकर फरार हो गया।




# होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जनता शिक्षा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रऊकरना परीक्षा केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (राजस्व) सुशील कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी शैलेन्द्रलाल और क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा, सीसीटीवी व्यवस्था, प्रवेश-निकास, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और परीक्षार्थियों को असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा। डीएम ने जोर दिया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने पुलिस अधिकारियों को सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है और इसमें कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। जनपद उन्नाव में कुल 9 परीक्षा केंद्रों पर 25, 26 और 27 अप्रैल को होमगार्ड भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रशासन ने परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं और संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन ने दोहराया कि परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए हर स्तर पर निगरानी रखी जाएगी।

# भव्य शोभा यात्रा निकाल कर की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज बदरका स्थित दयास्वर बाला जी मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की तादात में महिलाओ, पुरुषों ने हिस्सा लिया। गुरुवार सुबह मंदिर परिसर में स्थापित किए जाने वाली शनि देव ,राम दरबार, माता काली समेत ग्यारह मूर्तियों का पंचोपचार विधि से अभिषेक किया गया। मूर्तियों को विधि विधान से क्षेत्र के बद्री विशाल , आनंदी देवी, मार्कण्डेय स्वर , बच्छेस्वर महादेव मंदिर,दयाल देवी, ठाकुर द्वारा समेत विभिन्न मंदिरों में ले जाकर पूजन अर्चन किया गया । देर शाम यात्रा फिर से बालाजी मंदिर प्रांगण में जाकर समाप्त हुई । आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी मूर्तियो की प्राण प्रतिष्ठा कर पूजन अर्चन किया गया।इसके बाद भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजक कौशल किशोर पांडे डब्बू महराज ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर पड़ा मिला किशोरी का शव

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के कस्बा बारा हरदो निवासी मनोज पासवान की 16 वर्षीय पुत्री घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिली। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया सपना 16 वर्ष पुत्री मनोज बुधवार की रात 1 बजे घर में मृत पड़ी मिली गले पर खरोंच के निशान थे। मृतका की मां व पिता अपनी ससुराल हैबतपुर सरेनी रायबरेली गए हुए थे घर में बड़ा भाई अंशु था वही दो छोटे भाई आदित्य व अनिकेत रात में खेतों में फसल की रखवाली करने गए हुए थे। लगभग 12:00 बजे के आसपास अंशु भी अपने भाइयों के पास खेत चला गया लौट कर आने पर देखा तो घर में छोटी बहन चारपाई की नीचे पड़ी थी बहन को चारपाई के नीचे पड़े देखा भाई रोने लगा आवाज सुनकर पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया मृतका देव कृष्ण इंटर कॉलेज सगवर में कक्षा 11 की छात्रा थीपिता मजदूरी का काम करते है। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि रात लगभग 1:00 बजे मृतका के बड़े भाई अंशु का फोन आया कि मेरे बहन को सांप ने काट लिया है।मौके पर तत्काल पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। परिजन पीएम कराने को भी तैयार नहीं थे किसी तरह मृतका को पीएम के लिए भेजा गया। हत्या किए जाने की बातें बेबुनियाद है। परिजनों द्वारा अभी तक किसी तरह का कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है।

# घरेलू कलह के चलते महिला ने निगला जहरीला पदार्थ,मौत


अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के कादिर पुर गांव निवासी दिनेश सिंह की पत्नी सरिता सिंह 32 ने घरेलू कलह से परेशान होकर बुधवार की रात कीटनाशक निगल लिया था जिसे गभींर हालत में मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था परिजन जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया गुरुवार पीएम के बाद शव मृतक के परिजनों को सौप दिया गया मृतका के मायके पक्ष के लोग गाँव पहुंचे और ससुराली जनो पर आरोप लगाया कि उन्होंने घटना की सूचना समय पर नहीं दी और इसी बात को लेकर शव पहुंचने पर हंगामा करने लगे हंगामे की सूचना पर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह, रसूलाबाद चौकी प्रभारी जय प्रकाश यादव, कुरसठ चौकी प्रभारी राजीव भदौरिया सहित बडी संख्या में पुलिस बल गांव पहुंचा और आक्रोशित लोगों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया और लोगों को शांत कराया जिसके बाद गांव के बाहर मृतका का अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी में करा दिया गया मृतका के दो बेटे रौनक सिंह व अहम सिंह एक बेटी अंशिका है मां की मौत से बच्चे रोते बिलखते रहे इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नही मिली है तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रों से उठवाया जा रहा है गैस सिलेंडर वीडियो हुआ वायरल

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के रुजिहई गांव के एक परिषदीय प्राथमिक विद्यालय का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।इस वीडियो में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे गैस सिलेंडर उठाकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि पीछे से शिक्षक उन्हें दिशा-निर्देश देते नजर आ रहे हैं। यह दृश्य शिक्षा व्यवस्था और बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ बच्चे आगे-आगे गैस सिलेंडर को संभालते हुए चल रहे हैं। यह सिलेंडर स्कूल में मिड-डे मील बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। पीछे खड़े एक शिक्षक बच्चों को रास्ता दिखाते और निर्देश देते दिखाई देते हैं, लेकिन बच्चों से इस तरह का जोखिम भरा कार्य करवाना नियमों के विपरीत माना जा रहा है।बताया जा रहा है कि गांव के ही एक जागरूक नागरिक ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया। अभिभावकों और स्थानीय लोगों में इसको लेकर नाराजगी है। उनका कहना है कि बच्चों को शिक्षा देने के बजाय उनसे इस तरह के कार्य करवाना न सिर्फ गलत है बल्कि उनकी सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार, स्कूलों में गैस सिलेंडर जैसे भारी और खतरनाक सामान को संभालने की जिम्मेदारी शिक्षकों या अन्य स्टाफ की होती है, न कि छात्रों की। ऐसे में यह घटना विभागीय लापरवाही को उजागर करती है।मामला सामने आने के बाद संबंधित अधिकारियों ने जांच की बात कही है। बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश पांडे का कहना है कि वीडियो की सत्यता की जांच कराई जाएगी और यदि दोषी पाए गए तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरों ने किया पार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के जेर खिड़की मोहल्ले में एक घर के सामने खड़ी स्कूटी चोरी हो गई। यह पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पीड़ित मोहम्मद शोएब पुत्र हाजी अब्दुल हाफिज, जो जेर खिड़की छिपियाना के निवासी हैं, ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी स्कूटी घर के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वह बाहर आए, तो स्कूटी गायब मिली।

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर सामने आया कि एक युवक आराम से आया, स्कूटी की चाबी ऑन की और कुछ ही पलों में उसे लेकर फरार हो गया। फुटेज में आरोपी बिना किसी डर के वारदात को अंजाम देता दिख रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहल्ले में पहले भी छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं हुई हैं। हालांकि, इस तरह खुलेआम स्कूटी चोरी होना चिंता का विषय बन गया है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

पीड़ित ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो चोरों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है।पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी हुई स्कूटी बरामद कर ली जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर खड़ा करें और लॉक सिस्टम का विशेष ध्यान रखें।

इस घटना ने एक बार फिर शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग पुलिस गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# भ्रष्टाचार की भेट चढ़ी पानी की टंकी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा भृष्टाचार की भेंट चढ़ गई लोगो को शुद्ध पेय जल उप्लब्ध कराने वाली टँकी ,एक महीने भी नही नसीब हुआ लोगो को पानी । असोहा कस्बे में खारे पानी की बहुलता है , लोगो के सामने पानी की विकराल समस्या है ,यहां के निवासी बाहर से पानी लाते है या फिर बिक्री वालापानी पीते है ,पानी की विकराल समस्या को देखते हुएभाजपा नेता संजय शुक्ल ने पूर्व बिधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित से कस्बेकी पानी की समस्या से अवगत कराया था पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने जल निगम से कस्बे के भीतर आरओ प्लांट लगाने के आदेश दिए थे , जल निगम ने कस्बे के भीतर आरओ प्लांट का निर्माण करा दिया साथ ही कस्बे के भीतर मोहल्लों में। पाइप लाइन बिछा कर स्टैंड पोस्ट भी बना दिया ,आरओ टँकी चालू भी हो गई परन्तु शायद ही कस्बे वासियों को एक महीने शुद्ध पानी नसीब हुआ हो , एक महीने बाद पाइप लाइन लीकेज हो गई , आरओ प्लांट बंद हो गया और कई शिकायतों के बाद भी कोई विभागीय अधिकारी देखने तक नही आया ग्रामीण प्रियांशू श्रीवास्तव , बबलू दीक्षित पिंकू बाजपेई ,शिवनारायण अवस्थी ,निशा देवी , तारावती आदि ने बताया कि हम लोग बहुत खुश हुए थे जब यह टँकी बनी थी कि अब हम लोगो को खारे पानी से मुक्ति मिल गई परन्तु हम लोगो की ये खुशी छड़ भर की थी ,हम लोगो ने कई बार शिकायते की परन्तु आज तक टँकी से दोबारा पानी नही नसीब हुआ ,यही नही कोइ विभागीय अधिकारी देखने तक नही आया

# पिकअप लोडर ने बाइक सवार को मारी टक्कर एक की मौत साथी घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में बुधवार की रात बाइक सवार दो युवकों को सामने से आ रहे अनियंत्रित पिकअप लोडर चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गभींर रुप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरे का लखनऊ स्थित एक अस्पताल में इलाज चल रहा है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बसोखा मोहम्मद पुर गांव निवासी नफीस पुत्र बाबू 45 साथी राजेश पुत्र राम केशन के साथ बुधवार सहबसी गांव की बाजार से सब्जी खरीद कर हैदराबाद चले गए थे जहां से दोनों देर रात वापस लौट रहे थे कस्बा से निकल कर हरी चौराहा पार कर रहे थे संडीला से मियागंज की ओर जा रहे तेज रफ्तार पिकअप लोडर चालक ने चौराहा करते समय सामने से टक्कर मार दी घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गभींर हालत में मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल में इलाज के दौरान नफीस की मौत हो गयी जबकि दूसरे साथी का लखनऊ में इलाज चल रहा है मृतक माता पिता का इकलौता बेटा था मृतक के तीन बेटे शमीम, सलमान व सुलेमान पांच बेटियों में जहरुना, जरीना की शादी हो चुकी है जबकि सामीन, सलमा, शाहीन अबिवाहित हैं मृतक की पत्नी साजिदा मां अमीरा बेटे की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शव पीएम के लिए भेज दिया गया है तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रथम चरण के प्रशिक्षण का एसडीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव।स्थानीय बी०ए०ए०एस० इंटर कालेज में नगर पंचायत पुरवा के प्रगणकों व सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण के पहले दिन एसडीएम पुरवा ने निरीक्षण किया और व्यवस्था का जायजा लेते हुए उचित निर्देश दिए। गुरुवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने नगर की जनगणना हेतु बी०ए०ए०एस० इंटर कालेज में चल रहे प्रथम चरण के प्रशिक्षण का जायजा लिया। कुल 57 प्रगणक व 10 सुपरवाइजरों की ट्रेनिंग होनी है जिसमें आज पहले बैच में ट्रेनिंग 31 प्रगणकों व 4 सुपरवाइजरों की गतिमान है। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि कालेज में 2 फील्ड प्रशिक्षकों के द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उचित दिशा निर्देश देकर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया।

## सम्पादकीय

# स्पष्ट नीति और नीयत से हो वार्ता

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव केवल दो देशों के बीच टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इस संकट की जड़ में केवल भू-राजनीतिक हित नहीं, बल्कि जिद, शक्ति प्रदर्शन और असंतुलित कूटनीति भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक रणनीति और हर हाल में 'जीत' हासिल करने की मानसिकता ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। ट्रंप को अपनी वह जिद छोड़नी होगी कि जीत गए हैं या जीत जाते। तभी खाड़ी का संकट दूर हो सकेगा। देखा जाए तो ट्रंप की जिद ही संकट बढ़ा रही है। इससे जहां मानवीय मदद मिलने में देरी हो रही है वहीं, जान माल की भी भारी क्षति हो रही है। ट्रंप खुद को अक्सर 'पीस मेकर' के रूप में प्रस्तुत करते हैं, लेकिन मौजूदा हालात में उनकी भूमिका कई बार इसके विपरीत नजर आती है। कई बार तो ट्रंप अशांति फैलाने वाले अधिक दिखाई देते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी छवि बदलनी होगी। दबाव बनाकर समझौता कराने की नीति कूटनीति नहीं, बल्कि एकतरफा वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश लगती है। यह तरीका उन देशों पर शायद काम कर सकता है जो रणनीतिक रूप से कमजोर हों, लेकिन ईरान जैसे देश के सामने यह रणनीति बार-बार विफल होती दिख रही है। ईरान ने जिस तरह से अमेरिकी ठिकानों और उसके सहयोगियों पर जवाबी कार्रवाई की है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव में झुकने वाला नहीं है। इससे साफ है कि ईरान के पास भी कुव्वत है कि वह खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। यह केवल सैन्य प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक संदेश है कि वह अपनी संप्रभुता और सम्मान के साथ ही किसी भी समझौते की मेज पर आएगा। अब जरूरी है कि अमेरिका बड़प्पन दिखाए और वार्ता करे। तभी इस समस्या का समाधान हो सकेगा। ट्रंप प्रशासन की यह सोच कि दबाव और प्रतिबंधों के जरिए ईरान को झुकाया जा सकता है, अब तक कारगर साबित नहीं हुई है। इसके उलट, इसने ईरान को और अधिक आक्रामक बना दिया है। यह समझना जरूरी है कि आधुनिक कूटनीति में केवल शक्ति प्रदर्शन से समाधान नहीं निकलते। सम्मान, संवाद और संतुलन ही स्थायी शांति का आधार होते हैं। एक महाशक्ति होने के नाते अमेरिका की जिम्मेदारी केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्थिरता बनाए रखने की भी है। ऐसे में ट्रंप को यह समझना होगा कि 'जीत' और 'समझौता' दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। जहां जीत में एक पक्ष का वर्चस्व होता है, वहीं समझौता बराबरी और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होता है। यह भी स्पष्ट हो चुका है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीद, जिस पर अमेरिकी रणनीति आधारित थी, पूरी नहीं हुई। अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने न केवल अपनी स्थिति बनाए रखी, बल्कि यह भी दिखाया कि वह बाहरी दबावों के सामने झुकने को तैयार नहीं है। यह स्थिति अमेरिका के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि अब रणनीति में बदलाव की आवश्यकता है। बिना शर्त संवाद, पारस्परिक सम्मान और वास्तविक मुद्दों को समझने की इच्छा ये तीनों तत्व किसी भी सफल कूटनीति के आधार होते हैं। अंततः, खाड़ी का यह संकट भी उसी मोड़ पर खड़ा है। यदि समय रहते अमेरिका और ईरान बराबरी और सम्मान के साथ वार्ता की मेज पर नहीं आते, तो इसके परिणाम केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। स्पष्ट नीति, साफ नीयत और संतुलित कूटनीति यही वह रास्ता है, जो इस संकट को टाल सकता है। वरना 'सोचेंगे' जैसे शब्द इतिहास के सबसे कमजोर बहाने बनकर रह जाएंगे।

# सुरक्षा उपायों के अनदेखी का नतीजा है औद्योगिक दुर्घटनाएं



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

बीते 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित में वेदांता समूह के पावर प्लांट के बॉयलर में हुए विस्फोट के कारण अब तक 24 मजदूरों की मौत हो गई है वहीं लगभग दो दर्जन से ज्यादा श्रमिक जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। हादसे की गंभीरता के मद्देनजर मृतकों के संख्या में इजाफा होने का अंदेशा है। सरकार द्वारा हादसे की जांच की घोषणा के बाद वेदांता समूह के प्रबंधव सहित 10 लोगों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। महत्वपूर्ण तथ्य यह कि राज्य में औद्योगिक हादसों के इतिहास पर गौर करें तो सबसे भीषण दुर्घटनाएं वेदांता समूह के ईकाईयों में ही घटी है। साल 2009 में कोरबा के वेदांता-स्टरलाइट पॉवर प्लांट चिमनी गिरने से 40 मजदूरों की मौत हो गई थी। छत्तीसगढ़ के औद्योगिक इकाइयों में बॉयलर फटने या अन्य हादसों में मजदूरों के मरने या गंभीर रूप से घायल होने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा जारी सूचना अनुसार बीते पांच सालों में देश भर में 6,500 श्रमिकों ने औद्योगिक दुर्घटनाओं में जान गंवाया है जो औसतन प्रतिदिन 3 मौतों का संकेत देता है।

भारत में अतीत में अनेक बड़े औद्योगिक दुघर्टनाएं हुई है जिसमें 1984 में भोपाल के यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में गैस रिसाव के चलते 3,700 लोग मारे गए तथा हजारों घायल हुए। मृतकों में बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल थे। इस गैस त्रासदी का अभिशाप आज भी बहुत लोग भोग रहे हैं। इसी तरह 1975 में चासनाला कोयला खदान दुर्घटना में 700 लोगों की मौत हुई। साल 209 में कोरबा निर्माणाधीन चिमनी ढहने से 45 श्रमिकों की मौत हुई। देश में सबसे ज्यादा औद्योगिक दुर्घटनाओं वाले पांच राज्यों की सूची में छत्तीसगढ़ भी शुमार है। इसके अलावा दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान है जहां औद्योगिक हादसों के मामले ज्यादा दर्ज किए गए हैं।

इधर छत्तीसगढ़ विधानसभा में सरकार की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक 2023 से 2026 यानि बीते 3 वर्षों के दौरान उद्योगों में हादसों की वजह से 296 मौतें हुई हैं वहीं 248 से ज्यादा श्रमिक घायल हुए। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य के उद्योगों में दुर्घटनाओं की वजह से औसतन हर चार दिन में एक श्रमिक की मौत हुई है जो चिंताजनक है। अमूमन हर हादसे के बाद जहां शासन-प्रशासन द्वारा दुर्घटना की जांच के लिए न्यायिक जांच समिति गठित कर दी जाती है वहीं दूसरी ओर उद्योग प्रबंधन में मृतकों और घायलों को चंद पैसे मुआवजा देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री मान लेती है। हर हादसे के बाद मजदूर संगठन अपना आक्रोश प्रदर्शित करने के लिए औद्योगिक इकाइयों के सामने धरना-प्रदर्शन कर अपनी औपचारिकता पूरी कर लेती है तो दूसरी ओर राजनीतिक दल भी मीडिया में सरकार का लानत-मलामत कर अपना सियासी धर्म निभा लेता है। लेकिन इस बीच सिर्फ बच जाता है तो हादसे में मारे गए मजदूरों के परिवारों की सिसकियां और अपंग मजदूर के लिए जीवन भर की लाचारी।



धान का कटोरा छत्तीसगढ़ की एक प्रमुख पहचान औद्योगिक राज्य की भी है जिसके चलते राज्य में बड़े, मझोले और छोटे उद्योगों की अच्छी खासी तादाद मौजूद है। सरप्लस बिजली, प्रचुर खनिज संसाधन, सुगम कनेक्टिविटी, सस्ती मजदूरी और शांतिपूर्ण कानून - व्यवस्था के चलते राज्य में कोयला आधारित लौह और बिजली संयंत्रों तथा सीमेंट प्लांट का जाल बिछा हुआ है। देश के सभी शीर्ष औद्योगिक घरानों के उद्योग यहां स्थापित हैं। आंकड़े के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 7, 324 कारखाने स्थापित हैं जिसमें से 948 'खतरनाक' और 32 'अत्यंत खतरनाक' श्रेणी के हैं। विचारणीय है कि छत्तीसगढ़ जहां औद्योगिक विकास की दौड़ में देश के शीर्ष राज्यों को लगातार पीछे छोड़ रहा है वहीं औद्योगिक हादसों के मामले में राज्य की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इन औद्योगिक हादसों की प्रमुख वजह औद्योगिक सुरक्षा मानकों की अनदेखी एवं तकनीकी खामियां, उद्योग प्रचालन नियमों का उल्लंघन, श्रमिकों के पास व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) एवं प्रशिक्षण का अभाव है। औद्योगिक दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों के मद्देनजर औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा श्रम विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। देश और प्रदेश के अधिकांश औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिक दो तरीकों से नियोजित होते हैं और यह सब श्रम कानूनों से बचने के लिए किया जाता है। देश के सार्वजनिक क्षेत्रों के प्रतिष्ठान से लेकर निजी उद्योगों में तकनीकी और प्रशासनिक अधिकारी प्रबंधन द्वारा नियुक्त होते हैं वहीं बड़ी संख्या में ठेकेदारों के अंतर्गत 'कांट्रेक्ट लेबर' अनुबंधित होते हैं। भले ही श्रम कानूनों में ठेका मजदूरों के वेतन, बीमा, चिकित्सा और सुरक्षा के प्रावधान मौजूद हैं लेकिन सबसे ज्यादा हक इन्हीं श्रमिकों का मारा जाता है।

छत्तीसगढ़ में नब्बे के दशक तक प्रसिद्ध मजदूर नेता शंकर गुहा नियोगी के अगुवाई वाले छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा 'छमुमो' की अच्छी- खासी धमक थी। यह संगठन मजदूरों के हितों के लिए काफी संघर्षशील था इसके अलावा इसने मजदूरों के बीच सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में नशामुक्ति, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतर काम किया था। अपने प्रभाव वाले इलाके में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा एक राजनीतिक ताकत के तौर पर उभर रहा था तथा मोर्चा का अनेक लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र में खासा प्रभाव भी था। मजदूर आंदोलनों और ट्रेड यूनियनों के लिए वह इतिहास का काला दिन था जब छत्तीसगढ़ के शीर्ष श्रमिक नेता शंकर गुहा नियोगी की 28 सितंबर 1991 को गोली मारकर हत्या कर दी गई। कॉमरेड नियोगी की हत्या के साथ ही छत्तीसगढ़ में मजदूर आंदोलन की आवाज मद्धम पड़ गई।

बहरहाल इसमें दोराय नहीं कि देश और प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए उद्योग एक अनिवार्य आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य में उद्योगों के विस्तार से रोजगार और व्यापार के काफी अवसर बढ़े हैं जिससे आर्थिक विकास को गति मिल रही है। चिंताजनक यह भी कि औद्योगिक विकास की इस दौड़ में श्रमिकों की सुरक्षा कहीं न कहीं पीछे छूट रही है जिस पर विचार आवश्यक है। अहम सवाल यह कि औद्योगिक दुर्घटनाओं के बाद प्रशासन और एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले जांच के नतीजों और सुझावों के प्रति आखिरकार सरकार कितना संजीदा है? दरअसल उद्योगों में हादसों में मजदूरों के मौत के बाद जिस मुस्तैदी से पुलिस और प्रशासनिक अमला सक्रिय होता है लेकिन बाद में वह कार्रवाई के नाम पर उद्योग प्रबंधन से मुआवजा या नौकरी के लिए समझौता कराकर मामले को ठंडा करा देता है फलस्वरूप प्रतिष्ठान के उद्योगपति और अधिकारी कार्रवाई से बच जाते हैं। औद्योगिक सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो समय रहते यदि श्रमिकों की सुरक्षा और श्रम कानूनों के पालन की दिशा में सख्त कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ती जाएगी जिससे औद्योगिक मजदूरों में असंतोष बढ़ेगा। मजदूर आंदोलनों के इतिहास पर गौर करें तो ऐसे आंदोलनों ने आर्थिक विकास पर काफी गहरा असर डाला है फलस्वरूप वहां बेरोजगारी और गरीबी बढ़ी है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य हिस्सों में मजदूर आंदोलनों के चलते अनेक उद्योगों में जहां तालाबंदी हो गई अथवा इसे अन्य राज्यों में विस्थापित होना पड़ा है। लिहाजा आज जरूरत उद्योग धंधों के विकास के साथ ही प्रतिष्ठानों में श्रमिक सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने की है।

औद्योगिक दुर्घटनाओं के प्रभावी रोकथाम के लिए श्रमिकों को मशीन संचालन और सुरक्षा नियमों का व्यापक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। अधिकतर औद्योगिक दुर्घटनाओं के लिए कारखानों के मशीनरी का नियमित रखरखाव, सुधार और जांच प्रक्रिया में कोताही नजर आयी है लिहाजा प्रबंधन को इस दिशा में संवेदनशील और गंभीर होने की दरकार है। इसके अलावा कारखानों में आपातकालीन स्थिति में श्रमिकों के त्वरित उपचार हेतु चौबीस घंटे एंबुलेंस युक्त सुसज्जित चिकित्सा केंद्र और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। कारखानों में सुरक्षा नियमों के सख्ती से अनुपालन के लिए औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा अमले को फैक्ट्रियों के नियमित निरीक्षण और श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता में लाना होगा। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में स्वच्छ पेयजल और अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता से श्रमिक सुरक्षा संभव हो सकेगा। इसके अलावा उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान और प्रदूषण निवारण यंत्रों के समुचित संचालन के प्रति सजग होना चाहिए।उद्योग प्रबंधन को श्रमिकों को गुणवत्तायुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण 'पीपीई' जैसे मास्क, दस्ताने, एप्रन, हेलमेट आदि की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के लिए मैकेनिज्म लागू करना होगा। उपरोक्त उपायों से जहां मजदूरों और औद्योगिक प्रबंधन के बीच विश्वास बढ़ेगा वहीं देश भी खुशहाल बनेगा।

## कूटनीति

महेन्द्र तिवारी



# होर्मुज में भारतीय जहाजों पर फायरिंग के मायने?

होर्मुज जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति इसे वैश्विक राजनीति के केंद्र में खड़ा करती है और 18 अप्रैल की घटना ने इस तथ्य को एक बार फिर निर्विवाद रूप से प्रमाणित कर दिया है। उस दिन की सुबह जब भारत के ध्वज वाले दो व्यापारिक पोतों पर ईरानी गनबोट्स द्वारा गोलाबारी की गई, तो यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक विशाल अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संकट का संकेत था। इस घटना के पीछे के सत्य को समझने के लिए हमें उस समय की जटिल भू-राजनीतिक परिस्थितियों और समुद्री व्यापार के महत्त्व को गहराई से देखना होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य एक ऐसा संकरा समुद्री मार्ग है जहां से विश्व की लगभग 20 प्रतिशत तेल और प्राकृतिक ईंधन की आपूर्ति होती है। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए 90 प्रतिशत तक आयात पर निर्भर है, इस मार्ग की सुरक्षा सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है। 18 अप्रैल को जब भारतीय तेलवाहक पोत लगभग 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर इस मार्ग से गुजर रहे थे, तब अचानक हुई फायरिंग ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी। यद्यपि इस हमले में किसी भी नाविक की जान नहीं गई और न ही पोत को कोई स्थायी क्षति पहुंची, परंतु इसके रणनीतिक परिणाम अत्यंत गंभीर थे। जहाजों के चालक दल ने जैसे ही आपातकालीन संकेत भेजे, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पोतों का मार्ग बदलना पड़ा और उन्हें सुरक्षित जलक्षेत्र की ओर वापस लौटना पड़ा। इस घटना का समय अत्यंत संवेदनशील था क्योंकि अप्रैल 2026 में ही अमेरिका ने ईरान के विरुद्ध कड़ा समुद्री प्रतिबंध और नाकाबंदी लागू की थी। इस वैश्विक दबाव के प्रत्युत्तर में ईरान ने घोषणा की थी कि यदि उसके आर्थिक हितों को अवरुद्ध किया गया, तो वह इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को किसी के लिए भी सुरक्षित नहीं रहने देगा। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय पोतों को लक्ष्य बनाना एक प्रकार का रणनीतिक संदेश था जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी के समान था। इस घटना की जड़ें मार्च 2026 से चली आ रही अस्थिरता में भी निहित हैं। उस महीने के दौरान भी कई अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर मानवरहित विमानों और प्रक्षेपास्त्रों से हमले हुए थे, जिसमें दुर्भाग्यवश कुछ भारतीय नाविकों को अपने प्राण गंवाने पड़े थे। उन घटनाओं के बाद से ही समुद्री बीमा कंपनियों ने इस क्षेत्र को उच्च जोखिम वाला क्षेत्र घोषित कर दिया था, जिससे माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई थी। 18 अप्रैल की फायरिंग ने इस असुरक्षा को और अधिक गहरा कर दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर अत्यंत तीव्र और स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत को तुरंत तलब किया गया और उन्हें भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया गया। भारत के विदेश सचिव ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में बिना किसी संकोच के यह स्पष्ट किया कि भारतीय नाविकों और व्यापारिक हितों की सुरक्षा पर कोई भी समझौता संभव नहीं है। भारत का यह कड़ा रुख इस बात का प्रमाण था कि अब वह वैश्विक स्तर पर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों मोर्चों पर सक्रिय है। इस संकट के दौरान भारतीय नौसेना ने अपनी तत्परता का प्रदर्शन करते हुए ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा को और अधिक विस्तारित किया। कुछ गोपनीय विवरणों से यह भी संकेत मिले कि ईरान के भीतर प्रशासनिक और सैन्य नेतृत्व के मध्य इस विषय पर मतभेद थे कि इस जलमार्ग का उपयोग किस सीमा तक एक हथियार के रूप में किया जाना चाहिए। एक पक्ष जहां इसे कूटनीतिक सौदेबाजी का साधन मानता था, वहीं दूसरा पक्ष इसे पूर्णतः अवरुद्ध करने के पक्ष में था। इन आंतरिक विरोधाभासों ने स्थिति को और अधिक अनिश्चित बना दिया था। इस अनिश्चितता का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा। अप्रैल 2026 के उन दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखा गया, जिससे विश्व भर के शेयर बाजारों में अस्थिरता व्याप्त हो गई। भारत के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती थीः एक ओर ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और दूसरी ओर ईरान के साथ अपने पारंपरिक मित्रवत संबंधों को बचाए रखना। भारत ने अपनी कूटनीति का परिचय देते हुए संतुलन बनाए

# हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण मोह



संकलित

दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

# क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लंबे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा- क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा- तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहां हूं और मैं एक नाई हूं। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लंबे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गलत खानपान से बढ़ता मोटापा

हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारें, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन बहुत से अभियान चलाते हैं। योग गुरु भी इसके लिए काम करते हैं, लेकिन हम उनकी बातों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और फिर गलत खानपान और जीवनशैली अपना कर अपना स्वास्थ्य खराब कर लेते हैं। कुछ लोगों ने अपने खानपान और जीवनशैली की आदत को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य को खराब करने का काम किया है।

*- पवन सिन्हा, बेमेतरा*

## करंट अफेयर

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव के लिए चार उम्मीदवारों में मुकाबला

संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने के लिए चार उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है और वे अपनी दावेदारी पेश करने के लिए इस सप्ताह संगठन के 193 सदस्यों के राजदूतों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। यह संख्या 10 वर्ष पहले जब एंतोनियो गुतारेस का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के रूप में चयन हुआ था, तब की तुलना में काफी कम है। चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बेचेलेट मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के राजदूतों के समक्ष तीन घंटे के प्रश्नोत्तर सत्र में सबसे पहले शामिल होंगी। इस पद के उम्मीदवारों में बेचेलेट समेत दो महिलाएं और लातिन अमेरिका के तीन उम्मीदवार शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं।

## ट्रेंड

### कृषि समृद्धि की आधारशिला



कृषि हमारी समृद्धि की आधारशिला है और हमारे किसान भाई-बहन देश के अन्नदाता। इनका परिश्रम और समर्पण ही राष्ट्र की प्रगति को सुनिश्चित करता है।
कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषिः।
अन्नदः सर्वदश्चैव तस्माच्छ्रेष्ठतरो हि सः॥

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाएं



अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती तो वह ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाए और सबसे पूछे कि इसे कैसे लागू करें? लेकिन मोदी सरकार ने पार्लियामेंट का सेशन बुलाया ताकि दिखा सके कि उसे महिला आरक्षण की परवाह है। सच तो यह है कि मोदी के खाने व दिखाने के अलग-अलग दांत हैं।

**-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### बंगाल विकास की राह पर चले



पिछले 15 वर्षों में बंगाल ने केवल 'खेल' देखा है, लेकिन अब समय आ गया है कि राज्य विकास की राह पर चले। राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार ने आमजन को परेशान किया है। बंगाल की जनता अब बदलाव के लिए मन बना चुकी है और ममता को बदलकर ही रहेगी।

**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

### रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन



अरे ये पश्चिम बंगाल रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन है। बाबर की जमीन नही है। लेकिन ममता दीदी के कारण कोई भी आकर बोल सकता है कि बाबर की मस्जिद बनाऊंगा। असम में ये बोलकर देखो। तुरंत थाने जाना पड़ेगा। **-हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

## संक्षेप

### सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमेठी में पंचायत चुनाव समय पर कराने की मांग की**

संवाददाता

अमेठी , समाजवादी पार्टी के नेताओ ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में त्रस्तरीय पंचायत चुनाव को समयबद्ध रूप से कराए जाने की मांग की गई, जिससे कि संवैधानिक दायित्वों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।जिला पंचायत सदस्य और समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष सूबेदार यादव ने कहा कि पंचायत चुनाव की तिथि और कार्यक्रम अब तक घोषित नहीं किए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की स्थिति और सक्रियता को लेकर भी स्पष्टता का अभाव है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर उच्च न्यायालय में सुनवाई लंबित है और लगातार स्थगित हो रही है, जिससे स्थिति और अधिक अनिश्चित हो गई है। यादव ने यह भी बताया कि मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) के पुनरीक्षण और प्रकाशन की तिथि बार-बार बदली जा रही है। इसके अतिरिक्त, पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित आयोग के गठन में भी विलंब हो रहा है, जिससे पूरी चुनाव प्रक्रिया अनावश्यक रूप से प्रभावित हो रही है।एक अन्य जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों का आयोजन समयबद्ध रूप से किया जाता है और निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाएं भी निर्धारित समय के भीतर पूरी कर ली जाती हैं। ऐसे में त्रस्तरीय पंचायत चुनावों में बार-बार हो रही देरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है ज्ञापन सौंपने वालों में सूबेदार यादव (जिला पंचायत सदस्य, भेटुआ), महेंद्र यादव (जिला पंचायत सदस्य), पंकज शुक्ला (छात्र सभा जिलाध्यक्ष), केडी सरोज (जिला पंचायत सदस्य), एडवोकेट विनोद यादव और आलोक कुमार शामिल थे।

### पूजा साहू ने अमेठी सीडीओ का कार्यभार संभाला

**आईएएस अधिकारी ने 21 अप्रैल 2026 को पदभार ग्रहण किया**

संवाददाता

अमेठी। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा साहू ने 21 अप्रैल 2026 को अमेठी के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने जिले में चल रही विकास और लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के प्रभावी तथा समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। सुश्री साहू वर्ष 2022 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।इससे पूर्व वह चित्रकूट में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत थीं। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों के कुशल संचालन और जनहित से संबंधित मामलों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद के समग्र विकास को गति मिल सके।

## शादी से तीन दिन पहले घर में चोरी, कैसरगंज में बढ़ती वारदातों से जनता में आक्रोश

**बेटी की शादी की तैयारियों के बीच चोरों ने घर में बोला धावा, थाने से 500 मीटर दूर वारदात ने पुलिस गश्त पर उठाए सवाल**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।



बहराइच जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीते एक महीने से चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे क्षेत्रीय लोगों में डर, दहशत और नाराजगी का माहौल है। ताजा मामला गुत्थियां गांव का है, जहां बेटी की शादी से महज तीन दिन पहले चोरों ने घर में धावा बोलकर लाखों रुपये के जेवरात, कपड़े और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया।जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत कैसरगंज थाना क्षेत्र के गुत्थियां ग्राम निवासी अरविंद कुमार सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह की बेटी की शादी 25 अप्रैल को होनी है। शादी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं और घर में जेवरात व नए कपड़े भी रखे गए थे। परिवार शादी की खुशियों में जुटा था, लेकिन चोरों ने एक ही रात में सारी खुशियों पर पानी फेर दिया। बताया जा रहा है कि बीती रात जब परिवार के लोग छत पर सो रहे थे, तभी चोर घर में घुस आए और शादी के लिए रखे जेवरात, कपड़े समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। चोरी की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। खास बात यह है कि घटना स्थल कैसरगंज थाने से मात्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए स्थानीय लोग पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि रात में गश्त और पेट्रोलिंग व्यवस्था मजबूत होती तो चोरों के हौसले इस तरह बुलंद नहीं होते। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कहीं न कहीं रात्रि गश्त व्यवस्था में कमी है, जिसका फायदा चोर लगातार उठा रहे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कैसरगंज थाना पुलिस चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में अब तक प्रभावी साबित नहीं हुई है। अब लोगों की मांग है कि पुलिस प्रशासन रात्रि गश्त बढ़ाए, संदिग्ध लोगों की जांच करे, चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करे तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके।

## प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज, रूपईडीहा का शत-प्रतिशत परिणाम

**विद्यार्थियों ने रचा सफलता का नया इतिहास**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा बृहस्पतिवार को घोषित हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इंटरमीडिएट (कक्षा 12) परीक्षा परिणामों में प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज, रूपईडीहा ने एक बार फिर शानदार सफलता हासिल करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

हाईस्कूल परीक्षा में विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय की मेधावी छात्रा रिया अग्रवाल ने 91.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अनामिका चौधरी ने 90.17 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा दीपाली सोनी ने 89.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कई अन्य विद्यार्थियों ने भी 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया।

इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम भी विद्यालय के लिए गर्व का विषय रहे। अनन्या साहू ने 84.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जायती गुप्ता ने 82.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा वेदिका वर्मा ने 82.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय की प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिए।

विद्यालय के प्रबंधक ए एस स्टेनली ने कहा कि इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया है। प्रधानाचार्य ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यालय में अनुशासित, गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा वातावरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## रुपईडीहा पुलिस ने दहेज हत्या और गोवध मामले में दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच।रुपईडीहा पुलिस ने गुरुवार को दो अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण सफलता करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि दहेज हत्या और गोवध से संबंधित मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहूप सिंह के पर्यवेक्षण में रूपईडीहा पुलिस टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। पहले मामले में थाना क्षेत्र में दर्ज दहेज हत्या के मुकदमे में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 48 घंटे के भीतर वांछित अभियुक्त राजितराम पुत्र मनीराम, निवासी सुखयापुरवा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच, उम्र लगभग 25 वर्ष, को खानपुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध थाना रुपईडीहा में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज है। वहीं दूसरे मामले में गोवध से संबंधित वांछित अभियुक्त कादिर पुत्र जलील अहमद, निवासी सीतापुरवा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच, उम्र लगभग 26 वर्ष, को पुलिस ने रुपईडीहा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त पर मुकदमा पशु क्रूरता एवं गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय बहराइच भेज दिया गया है।

## संविलयन विद्यालय कुर्मिनपुरवा का वार्षिक उत्सव धूमधाम से आयोजित

**अतिरिक्त कक्ष का हुआ उद्घाटन**

**समाज और देश का समग्र विकास**




अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम कुर्मिनपुरवा (भखरौली) स्थित संविलयन विद्यालय में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की भारी उपस्थिति रही, जिससे विद्यालय परिसर उत्सवमय वातावरण में नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज मा० संदीप सिंह विशेन रहे। उनके आगमन पर विद्यालय परिवार द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्रांगण में नव निर्मित अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का फीता काटकर शुभारम्भ किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज और देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत के माध्यम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, नाटक एवं कविताओं ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सभी ने जमकर सराहना की।विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम गोपाल वर्मा ने विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का भी विकास कराया जा रहा है।इस अवसर पर अजय सिंह, वेद प्रकाश सिंह, विजय कुमार मौर्य, जयनरायन, राधेश्याम, मो० फारूक, बीनू मिश्रा, सत्य कुमार, मिथलेश वर्मा, राम चन्दर शुक्ला, दीपावर्मा, प्रमोद कुमार सिंह, इमरान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## बाबू वासुदेव डिग्री कॉलेज के पास संदिग्ध हालत में युवक का शव मिलने से सनसनी

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा क्षेत्र में बाबू वासुदेव डिग्री कॉलेज के पास एक युवक का शव संदिग्ध हालत के मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान लवकुश शुक्ला (23 वर्ष) पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ला, निवासी ग्राम जमुनहा बाजार, दाखिला फतेपुर बनगई, थाना मल्हीपुर, जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई है। मृतक वर्तमान में पता बाबू वासुदेव सिंह पीजी कॉलेज के सामने, जैतापुर मोड़ के पास बताया गया है।पुलिस के अनुसार युवक का शव बहोरी लाल वर्मा के बाग में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद 22 अप्रैल 2026 की रात्रि लगभग 10 बजे एंबुलेंस के माध्यम से युवक को सीएचसी चर्दा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।थाना प्रभारी ने बताया कि नियमानुसार पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है

## गेंहू के खेत मे जल रही पराली से उठी चिंगारी से 5 घर जलकर राख



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर ब्लॉक के बौडी थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत ढखेरवा में आज दोपहर गाँव के ही एक किसान ने अपने खेत में पराली जलाई थी जिसकी लपटों ने उक्त गांव के 5 ग्रामीणों के फूस के घरों को अपने आगोश में ले लिया और देखते ही देखते जलकर पूरी तरह राख हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार मेराज महफूज अरमान नजरू अमीन के फुस के घर जलकर पूरी तरह राख हो गए ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि जिस वक्त आगलगी घर में खेल रहे बच्चे भाग निकले जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। एसडीएम कैसरगंज अखलेश कुमार सिंह ने बताया घटना की जांच करवाकर अग्निकांड पीड़ितों की हर संभव मद्त की जायेगी।

## बहराइच की शान बना कैसरगंज का बेटा

**इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान, हरिकेश शर्मा ने रचा इतिहास**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच।बहराइच जनपद से गर्व और सम्मान की सबसे बड़ी खबर सामने आई है। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में कैसरगंज क्षेत्र के सरदार पटेल इंटर कॉलेज के होनहार छात्र हरिकेश शर्मा ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से पूरे जनपद में खुशी और गौरव का माहौल है।

### मेहनत और लगन ने दिलाई बड़ी सफलता

हरिकेश शर्मा ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादों और सच्ची मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### परिवार में खुशी की लहर

हरिकेश शर्मा, पिता सुशील कुमार शर्मा, निवासी गांव गो. नंबर 1, सरपंच पुरवा, की इस सफलता से परिवार में उत्सव जैसा माहौल है। परिजन, रिश्तेदार और शुभचिंतक लगातार बधाई दे रहे हैं।

### विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

सरदार पटेल इंटर कॉलेज में छात्र की इस उपलब्धि पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक बादशाह सिंह, पवन सिंह सहित अन्य अध्यापकगण भारी संख्या में मौजूद रहे और छात्र को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल

कैसरगंज समेत आसपास के क्षेत्रों में हरिकेश शर्मा की सफलता चर्चा का विषय बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने इसे इलाके के लिए गर्व का क्षण बताया है।

### युवाओं के लिए मिसाल

हरिकेश शर्मा की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बन गई है। उन्होंने यह संदेश दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता कदम चूमती है।

## युवक से मारपीट, जातिसूचक गालियां

**ट्रैक्टर से कुचलने की धमकी, पुलिस को दी तहरीर**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , पीपरपुर थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।भेटुआ ब्लाक के हीरापुर गांव निवासी 28 वर्षीय पवन कुमार पुत्र शिवराम कोरी ने बताया कि यह घटना 20 अप्रैल 2026 की शाम करीब 7 बजे हुई। उस समय वह अपने चाचा रामजीत के साथ हारीपुर बाजार से सामान लेकर लौट रहे थे। पवन के अनुसार, रास्ते में पंधौली गांव के नरसिंह यादव पुत्र मेवालाल यादव अपने दो साथियों के साथ ट्रैक्टर लेकर आगे चल रहे थे।साइड मांगने पर आरोपी ट्रैक्टर से उतर आए और गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने लगे।पीड़ित ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों, हाथ-मुक्कों और थप्पड़ों से उन पर हमला कर दिया।इस मारपीट में पवन की नाक से खून बहने लगा और शरीर में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए उनके चाचा रामजीत को भी चोटें लगीं। पवन ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन्हें धमकी दी कि अगर उन्होंने ज्यादा बात की तो उन्हें ट्रैक्टर से कुचलकर जान से मार दिया जाएगा। आरोपियों ने यह भी कहा कि उन्हें पुलिस का कोई डर नहीं है।पीड़ित ने थाना पीपरपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपनी शिकायत में यह भी कहा है कि यदि उनके या उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसके लिए आरोपी जिम्मेदार होंगे।इस मामले में पीपरपुर थाना पुलिस का कहना है कि उन्हें तहरीर मिल गई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब में डूबे 3 भाई-बहन

**परिवार को नहीं मिलीं सरकारी योजनाएं, पक्की छत और राशन कार्ड का अभाव**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , कंधई थाना क्षेत्र के साहिलपुर कंजास गांव में तालाब में डूबने से तीन सगे भाई-बहनों की मौत हो गई। यह घटना एक गरीब परिवार से जुड़ी है, जिसे सालों से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया था और बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित था मृतक बच्चों के पिता विजय बहादुर यादव का परिवार लंबे समय से आर्थिक तंगी का सामना कर रहा था। करीब 15 साल पहले जमीन विवाद के कारण उन्हें अपना पैतृक घर छोड़ना पड़ा था। इसके बाद परिवार किराए के मकानों और अन्य जगहों पर भटकते हुए जीवन यापन कर रहा था।वर्तमान में वे ग्राम सभा की जमीन पर एक झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। परिवार के पास न तो पक्की छत थी और न ही राशन कार्ड जैसी मूलभूत सरकारी सुविधाएं। कुछ समय पहले विजय बहादुर लकवाग्रस्त हो गए थे, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति और बिगड़ गई। उनके इलाज में जो थोड़ी-बहुत जमा पूंजी थी, वह भी खर्च हो गई। इसके बाद परिवार दूसरों की मदद और उधार के सहारे जीवन यापन कर रहा था। घर में विजय बहादुर की पत्नी कुसुम, आठ माह का एक बेटा और तीन बच्चे रानी (12), मोहित (8) और रोहित (7) थे। उनके बड़े भाई जयराम भी परिवार के साथ रहते थे। सोमवार सुबह करीब 10 बजे रानी अपने दोनों भाइयों मोहित और रोहित के साथ गर्मी से राहत पाने के लिए पास के तालाब में नहाने गई थी। नहाते समय अचानक छोटा भाई रोहित गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के प्रयास में मोहित और बहन रानी भी तालाब के गहरे हिस्से में डूब गए। काफी देर तक जब बच्चे घर नहीं लौटे, तो उनकी मां कुसुम उन्हें खोजने निकलीं।

## एसपी ऑफिस की पानी टंकी पर चढ़ी युवत

**एक मोबाइल टावर पर चढ़ी, जमीन विवाद में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पुलिस से नाराज होकर दो अलग-अलग जगहों पर दो युवतियों ने प्रदर्शन किया। एक युवती एसपी कार्यालय की 60 फुट ऊंची पानी टंकी पर चढ़ गई। वहीं दूसरी बीएसएनएल के 100 फुट ऊंचे मोबाइल टावर पर पढ़ गई। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दोनों युवतियों को सुरक्षित नीचे उतार लिया।एसपी कार्यालय में पानी टंकी पर चढ़ी युवती को एक घंटे के बाद, जबकि मोबाइल टावर पर चढ़ी महिला को 7 घंटे के बाद नीचे उतारा गया। दोनों युवतियों ने जमीन विवाद से जुड़े मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। एसपी दीपक भूकर ने दोनों ही मामलों में सीओ स्तर के अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है

पहला मामला: नगर कोतवाली क्षेत्र नंदिनी (25) सुबह 10:30 बजे एसपी कार्यालय पहुंची थी। अधिकारी के नहीं मिलने पर 11:00 बजे एसपी कार्यालय से सटे दीवानी कोर्ट परिसर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गई। इसके बाद हंगामा करने लगी।युवती के टंकी पर चढ़ने से पूरे कैंपस में अफरा-तफरी मच गई। काफी तादाद में भीड़ एकत्र हो गई। पुलिसवाले भी पहुंच गए। युवती को नीचे उतारने के लिए मनाने लगे। लेकिन युवती कार्रवाई की मांग करती रही। काफी देर तक मान-मनौव्वल होता रहा। कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद दोपहर 12 बजे उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया।

ढाई फुट रास्ते का विवाद

नंदिनी की मां शिवदेवी, पत्नी स्वर्गीय राजेश कुमार पाल ने बताया- सरकार की ओर से उन्हें आवासीय भूमि मिली थी। इस पर वे अपना मकान बनवा रही थीं। पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार रामधन पाल, चन्द्रिका प्रसाद पाल, देवतादीन पाल, रमाकान्त पाल, अंजनी कुमार पाल, कौशिल्या देवी, सुमित्रा पाल और सरिता पाल ने जबरन काम रुकवा दिया है। विपक्षियों ने आरोप लगाया है कि जमीन पर ढाई फुट का सार्वजनिक रास्ता है।शिवदेवी का कहना है- उक्त भूमि का विधिवत नाप-जोख लेखपाल की उपस्थिति में किया जा चुका है, जिससे यह स्पष्ट है कि जमीन उसी की है। इसके बावजूद विपक्षी दबंगई दिखाते हुए परेशान कर रहे हैं।

## संक्षेप

### दिव्यांग ने कलेक्ट्रेट में आत्मदाह की दी चेतावनी

**सरकारी आवास, पेंशन और प्रमाण पत्र न मिलने पर उठाया कदम**

बागपत , बड़ौत तहसील क्षेत्र निवासी सत्येंद्र अपने पुत्र के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से अपनी समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे संसद भवन जाकर आत्मदाह कर लेंगे।सत्येंद्र ने बताया कि वह लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी किसी भी मांग पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर विकलांग अधिकारी से भी मुलाकात की थी, लेकिन वहां भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। सत्येंद्र की तीन प्रमुख मांगें हैं: उन्हें 80 प्रतिशत स्थायी विकलांग प्रमाण पत्र जारी किया जाए, सरकारी आवास उपलब्ध कराया जाए और उनकी पेंशन स्वीकृत की जाए। उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और उन्हें लगातार भटकाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि कई बार अधिकारियों से मिलने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है, जिससे वे काफी निराश और आक्रोशित हैं। अपनी इसी नाराजगी के चलते उन्होंने यह कड़ी चेतावनी दी है। सत्येंद्र ने कहा कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे अपने पुत्र के साथ संसद भवन जाकर आत्मदाह जैसा गंभीर कदम उठाने को मजबूर होंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले भी छपरौली क्षेत्र का एक व्यक्ति इस तरह का कदम उठा चुका है। यह मामला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है।

### एक्सप्रेस-वे पर दो कारों की टक्कर , एक पलटी

**बागपत में बाइक बचाने के प्रयास में हादसा, भाई-बहन घायल**

बागपत, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर एक सड़क हादसे में दो कारें आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में एक कार पलट गई, जिससे उसमें सवार भाई-बहन घायल हो गए। यह हादसा बाइक को बचाने के प्रयास में हुआ।जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ निवासी रोशन पुत्र गोविंद अपनी बहन अंजलि के साथ फरुर्खाबाद से चंडीगढ़ जा रहे थे। जब वे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर सिगोली तगा गांव के पास पहुंचे, तो आगे चल रही एक बाइक को बचाने की कोशिश में उनकी कार दूसरी कार से टकरा गई। टक्कर के बाद एक कार पलट गई, जबकि दूसरी डिवाइडर से जा टकराई। हादसे की सूचना मिलते ही एक्सप्रेस-वे कर्मियों ने क्रेन की मदद से पलटी हुई कार को सीधा किया। घायल भाई-बहन को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

### सनौता गांव में तेंदुआ दिखने से दहशत

**ग्रामवासी बोले- पहले भी दिखा था, वन विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप**

मेरठ , फलावदा थाना क्षेत्र के गांव सनौता में सोमवार शाम को तेंदुआ दिखने से दहशत मच गई। गांव वासियो ने तेंदुए को गांव के ही कब्रिस्तान की दीवार पर बैठा देखा। जिसके बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही लोग अपने घरों में दुबक गए और बच्चों को बाहर न निकलने की हिदायत दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है

# यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम देख बच्चों के खिले चेहरे

## बच्चों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय समेत माता पिता को किया गौरवान्वित

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी बच्चों ने अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता समेत विद्यालय का भी गौरव बढ़ाया घोषित परीक्षा परिणामों के अनुसार कस्बे में संचालित बीडीयू इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा श्रेया पटेल ने 94.83 तनवी गुप्ता 93% तृप्ति 93 प्रिया शर्मा 91.16 सृष्टि पटेल 90.83 प्रतिशत समेत बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की मोहनलाल इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा प्रज्ञा 92% प्रशांत 90% आरजू पटेल 90% आनवी पटेल 90% दीपशिखा 90% समेत अन्य बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ज्ञान भारती आरजीएम इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा आकृति 96% तरुण 94% सौरभ 92 प्रतिशत आकृति 91.33 आदर्श पटेल 91 वेदिका 90.5 अंकित 90.33 रिया 90% समेत अन्य बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा कस्बे में ही संचालित जगदंबा इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा प्रांशी 91% खुशी 91% नैना 90% समेत अन्य बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माता पिता एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उपरोक्त विभिन्न विद्यालयों में विधालय परिवार एवं शिक्षकों ने बच्चों को मुंह मीठा कराते हुए प्रोत्साहित किया

# मानस पाठ के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ विशाल गया भोज

## रात्रि कालीन बेला में अद्भुत जागरण देख दर्शक हुए भाव विभोर

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मदरी में राजकुमारी साहू शिवकुमार साहू के द्वारा पूर्वजों की आत्मिक शांति एवं तर्पण हेतु गया जी में विधि विधान से पिंडदान करने के उपरांत गांव में स्थित मां काली के मंदिर परिसर में विशाल गया भोज भंडारे का आयोजन किया गया इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान अखंड रामचरितमानस पाठ का भी आयोजन किया गया हवन पूजन एवं कन्या पूजन के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में ग्राम वासियों समेत हजारों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया तथा दिन में भजन कीर्तन एवं रात्रि कालीन बेला में आयोजित विशाल जागरण का भी रसपान किया इस दौरान अनिल साहू पवन साहू राकेश साहू विकास साहू ग्राम प्रधान लवकुश सचान आशीष साहू समेत बड़ी संख्या में युवाओं ने धार्मिक आयोजन एवं विशाल भंडारे की व्यवस्था संभालने के साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया

# एक्सपायरी कोल्डड्रिंक से भरा वाहन जब्त

**दुकान मालिक की सूचना पर कार्रवाई, जांच में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , रेलवे रोड थाना क्षेत्र की केसरगंज पुलिस चौकी के ठीक सामने एक्सपायरी डेट की कोल्डड्रिंक उतारे जाने का मामला सामने आते ही हड़कंप मच गया। दुकान मालिक को जैसे ही इसकी भनक लगी, उसने मौके पर जमकर हंगामा कर दिया। शोर-शराबा बढ़ता देख रेलवे रोड थाना पुलिस तत्काल पहुंची और कार्रवाई करते हुए संदिग्ध कोल्डड्रिंक के सैंपल भरकर माल को जब्त कर लिया।यह घटना रेलवे रोड थाना क्षेत्र के मुहल्ला माही गिरान स्थित केसरगंज पुलिस चौकी के सामने हुई। मुहल्ला माही गिरान निवासी सलमान भारती की दुकान पर पूर्वा फैय्याज अली निवासी हनीफ और साहिद कोल्डड्रिंक सप्लाई का काम करते हैं। रात जब ये सप्लायर कोल्डड्रिंक उतार रहे थे, तो सलमान भारती ने बोतलों की जांच की।जांच के दौरान सलमान भारती ने पाया कि अधिकांश बोतलों की एक्सपायरी डेट निकल चुकी थी। उन्होंने तुरंत इसका विरोध किया और रेलवे रोड थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही रेलवे रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी जनार्दन प्रसाद ने स्थिति को संभालते हुए कोल्डड्रिंक की जांच की, जिसमें बड़ी संख्या में बोतलें एक्सपायरी पाई गईं। इसके बाद पुलिस ने पिकअप वाहन सहित कोल्डड्रिंक की पूरी खेप को जब्त कर लिया।थाना प्रभारी जनार्दन प्रसाद ने बताया कि एक्सपायरी कोल्डड्रिंक की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की गई है। मौके से एक्सपायरी डेट की कोल्डड्रिंक से भरा वाहन बरामद हुआ है। जिसे कब्जे में ले लिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध

**सोफिपुर में प्रदर्शन, भारी बिल से परेशान महिलाएं सड़क पर उतरीं**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सोफिपुर क्षेत्र में स्मार्ट मीटरों के खिलाफ ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, खासकर महिलाओं ने जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह से शिकायत की कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल और समस्याएं दोनों बढ़ गई हैं।महिलाओं का कहना है कि पहले जहां 350 से 450 रुपये तक बिल आता था, अब वही बिल 1500 रुपये या उससे भी अधिक पहुंच गया है। ग्रामीणों के अनुसार हर 15 दिन में रिचार्ज का मैसेज आने से खर्च दोगुना-तिगुना हो गया है। ग्रामीणों ने बताया- हम गरीब लोग हैं, पहले 700-800 रुपये बिल आता था, अब 3-4 हजार रुपये तक आ रहा है। कई दिनों से घरों में अंधेरा है क्योंकि बिजली काट दी जाती है।स्मार्ट मीटर को हटाने की मांग ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने पोस्टपेड मीटर लगाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ गया है। लोड बढ़ने और गड़बड़ी के आरोप जानकारी के अनुसार, करीब 1.35 लाख मीटरों में 10% तक लोड बढ़ने की शिकायतें मिली हैं। पहले जहां 7 यूनिट प्रतिदिन खपत दिखती थी, अब वही 18-20 यूनिट तक दर्ज हो रही है। इसके अलावा इंस्टॉलेशन में गड़बड़ी के भी आरोप हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई जगह आर्मर्ड केबल लगाए बिना ही स्मार्ट मीटर लगा दिए गए, जिससे विभागीय प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# अप्रैल महीने में चल रही लू

**42 डिग्री तक पहुंच रहा तापमान, गर्म हवाओं से प्रभावित हो रहा जनजीवन**

सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और थकान जैसी समस्याओं का सामना

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, अप्रैल के दूसरे हफ्ते से ही जून जैसी भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। सूरज की तेज तपिश, दिनभर चल रही गर्म हवाएं और बढ़ता प्रदूषण लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। हालात ऐसे हैं कि अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और पिछले चार दिनों से लगातार गर्मी में इजाफा हो रहा है।सुबह होते ही तेज धूप का असर दिखने लगता है और दोपहर तक हालात लू जैसे बन जाते हैं। गर्म हवा के थपेड़ों ने सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही कम कर दी है। जरूरी काम से निकलने वाले लोग सिर और मुंह ढककर तथा पानी की बोतल साथ लेकर ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी के साथ-साथ प्रदूषण का स्तर भी चिंता बढ़ा रहा है। खराब वायु गुणवत्ता के कारण लोगों को करना पड़ रहा है।विशेषज्ञों के अनुसार, गर्मी और प्रदूषण का यह मेल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। सोमवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की मौसम वेधशाला पर अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही के अनुसार, फिलहाल गर्मी से राहत के आसार कम हैं और आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है।

# गौर चौक मार्केट में लगी आग

**फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियों ने 2 घंटे में पाया काबू, रेस्टोरेंट समेत 20 दुकानें जलकर राख**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , गौर चौक के पास बने मार्केट में भीषण आग लग गई। आग की ऊंची- ऊंची लपटें उठने लगी। थोड़ी ही देर में पूरा इलाका धुंए से भर गया। धुआं उठते देख लोग दुकान बंद कर भागने लगे।आग ने देखते ही देखते रेस्टोरेंट सहित आस पास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने फौरन फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची। तब जाकर 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। हादसे में रेस्टोरेंट सहित 20 दुकानें पूरी तरह से जलकर राख हो गई। शुरूआती जांच में पता चला है कि आग पराठे शॉप में चिंगारी निकलने से लगी थी। आग बाद में फैलते ही अन्य दुकानों तक पहुंची थी। घटना मंगलवार दोपहर दोपहर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की है।एक दुकान से फैली आग ने 20 दुकानों को चपेट में लियालोगों ने बताया- गौर मार्केट की सब्जी मंडी में दोपहर में अचानक एक फल और सब्जी की दुकान से तेज धुंआ उठने लगा। वहां जाकर देखा तो अंदर से आग की लपटें उठ रही थी। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। पूरा इलाका धुंए से भर गया। लोग दुकान बंद कर भागने लगे। आग ने रेस्टोरेंट समेत आस पास की 20 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।रेस्टोरेंट जलने से 25 लाख का नुकसानइस हादसे में यारिया रेस्टोरेंट पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। उसके मालिक आलोक श्रीवास्तव ने बताया- आग लगने से उन्हें 25 लाख का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने फोन करके आग लगने की सूचना दी थी। वह जब तक यहां पहुंचे।

रेस्टोरेंट पूरी तरह से जल चुका था।रेशमा बोली- दुकान जलने से उसका सहारा छीन गयासब्जी मार्केट में आग लगने से रेशमा की दुकान भी जलकर राख हो गई है। उसने बताया- उसके पति की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके परिवार में उसका एक छोटा बेटा और दो बेटियां है। पति की मौत के बाद वह परचून और पराठे की दुकान चलाती थी। इसी से परिवार का खर्च चलता है। दुकान जलने से उसका सहारा छीन गया।

# नीले ड्रम वाली मुस्कान गोद में बेटी लेकर कोर्ट पहुंची

## 13 महीने बाद जेल से प्रेमी साहिल के साथ पुलिस वैन में आई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,बहुचर्चित सौरभ हत्याकांड में आरोपी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को कोर्ट में पेश किया गया। दोनों को जेल से भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट लाया गया। दोनों करीब 46 मिनट तक कोर्ट में रहे। इस दौरान साहिल से 20 मिनट और मुस्कान से 16 मिनट तक जज ने सवाल-जवाब किए। इसके बाद पुलिस दोनों को जिस तरह कोर्ट लाई थी, उसी तरह वापस जेल लेकर चली गई। इससे पहले साहिल को लेकर पुलिस कोर्ट पहुंची। वह सफेद टोपी और राउंड नेक की सफेद टी-शर्ट पहने था। पुलिस की गाड़ी से उतरने के बाद साहिल ने सिर नीचे झुका लिया, सिपाहियों के इशारे पर चलता रहा। कुछ वकीलों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें पीछे धकेल दिया। इसके बाद साहिल को लेकर पुलिसकर्मी कोर्ट पहुंचे।कुछ देर बाद पुलिस मुस्कान को लेकर पहुंची। वह पीले रंग का प्रिंटेड सूट और काला दुपट्टा पहने थी। चेहरे पर काला मास्क लगा रखा था। गोद में 6 महीने की बच्ची लिए थी। नजर झुकाए मुस्कान कोर्ट में प्रवेश कर गई। बच्ची को भी दुपट्टे से लपेट रखा था। चारों तरफ पुलिस का घेरा था, किसी को भी मुस्कान की तरफ आने नहीं दिया गया।मुस्कान-साहिल केस में सुनवाई की अगली तारीख 28 अप्रैल तय की गई है। संभावना है कि इसी दिन अदालत अपना फैसला सुना सकती है और दोनों को सजा भी हो सकती है। 18 मार्च से जेल में बंद हैं साहिल-मुस्कानः 18 मार्च, 2025 को मुस्कान को पति सौरभ की हत्या के मामले में गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था, तब से अब तक यानी करीब 13 महीने बाद वह पहली बार नजर आई है। साहिल से ठीक पहले सौरभ की मां और भाई भी कोर्ट पहुंचे थे। उन्हें पुलिसकर्मियों ने पहले ही रोक दिया। पहली बार फिजिकल पेशी हुईः नीला ड्रम कांड के नाम से चर्चित इस मामले में अब धारा- 313 की कार्रवाई शुरू हो गई है। यानी जज अब सीधे आरोपियों से सवाल-जवाब कर रहे हैं। सुनवाई की पहली तारीख 15 अप्रैल तय थी, लेकिन विशेष कारणों से उस दिन सुनवाई नहीं हो सकी। इसके बाद 18 अप्रैल की तारीख लगी, लेकिन उस दिन भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। अब इस मामले में 21 अप्रैल यानी आज सुनवाई हो रही है।

### पहले साहिल और फिर मुस्कान से सवाल-जवाब हुए

कोर्ट में पहले साहिल का बयान हुआ। साहिल से 20 मिनट तक सवाल-जवाब हुए। इस दौरान मुस्कान बच्ची को लेकर पीछे बैठी रही। बच्ची कुल 6 महीने की दुधमुंही है, इसलिए उसे मां के साथ लाया गया। साहिल के बाद मुस्कान को जज के सामने पेश किया गया। उससे भी 16 मिनट तक सवाल-जवाब हुए।साहिल और मुस्कान करीब 46 मिनट जिला जज की कोर्ट में रहे। दोनों ने 2 बजकर 54 मिनट पर कोर्ट में प्रवेश किया और 3 बजकर 40 मिनट पर बाहर निकले।

# पांच दिन से बिजली गुल

**ट्रांसफॉर्मर खराब होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , बरसात गांव में पिछले पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। एक ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण यह स्थिति बनी है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भीषण गर्मी में छोटे बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से परेशान हैं। बिजली न होने से पानी की आपूर्ति भी बाधित हो गई है, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने एनपीसीएल में कई बार शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बार-बार शिकायत के बावजूद ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ट्रांसफॉर्मर ठीक नहीं किया गया, तो वे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे को जाम करने के लिए मजबूर होंगे

# 49 लाख का सामान लदा ट्रक गायब

**ड्राइवर ने रास्ते में सुपरवाइजर को उतारा; नोएड से जालंधर जा रही थी गाड़ी**

अमन लेखनी समाचार




करनाल , नोएडा से जालंधर जा रही एक माल से भरी गाड़ी को ड्राइवर द्वारा रास्ते में ही गायब करने का मामला सामने आया है। घटना करनाल जिले के नीलोखेड़ी पुल के पास की है, जहां ड्राइवर ने कथित रूप से बेईमानी की नीयत से सुपरवाइजर को नीचे उतारकर ट्रक सहित फरार हो गया। फर्म के मालिक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। शिकायत मिलने के बाद बुटाना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोएडा से चली थी गाड़ जालंधर जिला के गांव शेरपुर शेखे के प्रमिन्द्र सिंह पुत्र सुच्चा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी फर्म प्रमिन्द्र गुड्स कैरियर के नाम से चलती है, उनकी गाड़ी नोएडा से सामान लेकर जालंधर के लिए रवाना हुई थी।

### ड्राइवर ने रास्ते में दिखाई बेईमानी

गाड़ी का ड्राइवर गांव संगोजला जिला कपूरथला निवासी अवतार सिंह पुत्र इन्द्र सिंह था। शिकायत के अनुसार, नीलोखेड़ी पुल चढ़ने से पहले ड्राइवर की नीयत बदल गई और उसने कंपनी के सुपरवाइजर विकास सिंह को गाड़ी से नीचे उतार दिया। इसके बाद वह ट्रक और सामान लेकर मौके से फरार हो गया।केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिसप्रमिन्द्र सिंह के अनुसार, इस घटना में उनका करीब 49 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस से ड्राइवर, गाड़ी और सामान की जल्द तलाश करने की मांग की है। मामले की शिकायत मिलने पर बुटाना थाना में मुकदमा 21 अप्रैल को दर्ज किया गया है।

# ग्रेटर नोएडा शादी समारोह में चोरी

**मेहमान बनकर आया था बदमाश, 70 हजार कैश और मोबाइल लेकर भागा**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में शादी समारोह से एक मेहमान बनकर आए चोर ने 70 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन चुरा लिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में शादी समारोहों को निशाना बनाने वाले चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है।यह मामला ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा 2 क्षेत्र स्थित ग्रैंड हेरिटेज रिसॉर्ट का है। 15 अप्रैल को यहां एक शादी समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें ग्रेटर नोएडा निवासी आरती मित्रा शामिल हुई थीं। आरती मित्रा ने बताया कि रात करीब 10:15 बजे जब वह स्टेज पर थीं, तो उन्होंने अपना पर्स साइड में रख दिया था। कुछ देर बाद जब उन्होंने पर्स देखा, तो वह वहां नहीं था। परिवार के सदस्यों ने भी पर्स की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। बैंक्विट हॉल के कर्मचारियों को सूचित करने के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पर्स में 70 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन, कुछ कागजात और घर की चाबियां थीं।सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति काले रंग की शर्ट पहने हुए शादी समारोह में शामिल होता दिखा। वह स्टेज के पास काफी देर तक खड़ा रहा और फिर मौका पाकर पर्स लेकर फरार हो गया। फुटेज में चोर को बड़े शातिर तरीके से वारदात को अंजाम देते हुए साफ देखा जा सकता है।

# NH-39 पर बढ़ते हादसेः विभाग सक्रिय, फिर भी सड़क सुरक्षा बनी चुनौती

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। विंढमगंज से दुद्धी, हाथीनाला होते हुए रेणुकूट ओडी मोड़ तक जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 पर लगातार हो रहे सड़क हादसों ने स्थानीय लोगों और यात्रियों की चिंता बढ़ा दी है। शिकायतों के बाद अब लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय मार्ग खंड, मिजार्पुर सक्रिय नजर आ रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत अब भी चिंताजनक बनी हुई है। दिनांक 01 अप्रैल 2026 को विभाग द्वारा प्रस्तुत आख्या में बताया गया कि ठल-39 दो लेन का मार्ग है, जिस पर कई स्थानों पर सुदृढ़ीकरण (स्ट्रेंथनिंग) कार्य कराए जा चुके हैं, जबकि कुछ कार्य अभी भी प्रगति पर हैं। इसके बाद 21 अप्रैल 2026 की ताजा आख्या में विभाग ने स्पष्ट किया कि सड़क की मरम्मत का कार्य लगातार जारी है। गड्ढों की मरम्मत, पेंच वर्क और अन्य सुधार कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही संबंधित ठेकेदारों को कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता संजय जैन (जिला उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल) से विभागीय अभियंता ने मुलाकात की और उन्हें मौके पर चल रहे कार्यों व प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी। रिपोर्ट में यह भी स्वीकार किया गया है कि अनपरा, हिंडाल्को और सिंगरौली जैसे औद्योगिक क्षेत्रों की वजह से इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव बहुत अधिक है। यही वजह है कि सड़क जल्दी क्षतिग्रस्त होती है और हादसों की आशंका बनी रहती है। मार्ग की बढ़ती जरूरत को देखते हुए इसे दो लेन से चार लेन में परिवर्तित करने का प्रस्ताव 30 दिसंबर 2025 को केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। इसके अलावा फरवरी 2026 में रोड सेफ्टी ऑडिट भी कराया गया है, जिसकी आगे की प्रक्रिया जारी है। हालांकि विभाग द्वारा लगातार मरम्मत और सुधार कार्य किए जाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय स्तर पर सड़क हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है। आए दिन हो रहे हादसे इस बात का संकेत हैं कि अभी भी सुरक्षा उपायों में कमी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिर्फ मरम्मत कार्य पर्याप्त नहीं है, बल्कि सड़क चौड़ीकरण, बेहतर संकेतक (साइन बोर्ड), स्पीड कंट्रोल और नियमित निगरानी की सख्त जरूरत है शिकायत के बाद विभाग जरूर सक्रिय हुआ है, लेकिन जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक हादसों पर पूरी तरह रोक लगाना मुश्किल है। सड़क सुरक्षा को लेकर अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रस्तावित चार लेन परियोजना और रोड सेफ्टी उपाय कब तक धरातल पर उतरते हैं।

# 100% रिजल्ट से विद्या सिंह पब्लिक हाईस्कूल का शानदार प्रदर्शन

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल द्वारा संचालित विद्या सिंह पब्लिक हाईस्कूल में हाईस्कूल (10वीं) का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परिणाम 100% रहा। छात्र शोभित ने 539 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अमन गुप्ता (528 अंक) द्वितीय और सृष्टि (507 अंक) तृतीय स्थान पर रहीं। राखी ने 503 अंक प्राप्त किए। इस मौके पर छात्रों ने संस्थापक स्व. अखिलेश सिंह को श्रद्धांजलि दी। प्रबंधक मुकेश सिंह व प्रधानाचार्या भूमिका सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हाईस्कूल/इण्टर बोर्ड परीक्षा में सादुल्लापुर स्थित सरस्वती विद्यापीठ इण्टर मीडिएट कॉलेज के छात्रों ने लहराया विद्यालय का परचम !

इण्टर मीडिएट में क्रमशः

1.वर्षा सिंह पुत्री चक्रपाल सिंह 81%

2.अनुप्रिया पांडेय पुत्री आदित्य पांडेय 79%

3.सगुन शुक्ला पुत्र रामू शुक्ला 77.8%

ने विद्यालय में 1, 2, 3 स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

तथा हाईस्कूल में क्रमशः

1. एकता कुशवाहा पुत्री आशुतोष 85%

2. सोहानी सिंह पुत्री भन्नू सिंह 82%

3. जया पांडेय पुत्री पुनीत कुमार पांडेय 81%

ने 1, 2,3 स्थान प्राप्त कर विद्यालय का माता पिता का नाम रोशन किया।

विद्यालय में कुल नामांकित हाईस्कूल के 60 छात्रों के सापेक्ष 59 छात्र सफल

तथा इण्टर में कुल 47 छात्रों के सापेक्ष 45 छात्र सफल रहे।

इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षको तथा अच्छी शैक्षिक व्यवस्था दिलाने वाले अभिभावकों को जाती है।

# बोर्ड परीक्षा में छात्रों का शानदार प्रदर्शन, विद्यालयों का बढ़ाया मान

**अमन लेखनी समाचार**




माधौगंज/हरदोई। माध्यमिक शिक्षा परिषद (बोर्ड) की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के घोषित परिणाम में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। कस्बे के फूलमती मां सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा समीक्षा द्विवेदी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वैष्णवी द्विवेदी ने 90.66 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। नैंसी, सूरज सक्सैना और लक्ष्मी देवी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में रजत गुप्ता ने 87 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा वैष्णवी तिवारी (84.4%), गौरी सिंह (84.2%), खुशबू यादव (84%), अमन राठौर (83.9%), आकाश शुक्ला (81%), सौम्या गुप्ता (80%), दीप्ति वर्मा (79%), नैना शुक्ला (78.4%) और जानवी द्विवेदी (78%) ने भी बेहतर अंक हासिल किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार मिश्रा ने मेधावी छात्रों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं आरआरआर इंटर कॉलेज, दौलतयारपुर में हाईस्कूल की छात्रा इशिका यादव ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। हिमांशी देवी (90.5%), श्रेया पटेल (88.83%), आर्यमान (87.83%), अभिनय कुमार (87.5%), सम्राट सैनी (85.5%) और गुंजन (84.66%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीप्ति द्विवेदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर देवेश कुमार सैनी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

**खास समाचार**

# कमरे में फंदे से लटका मिला सफाई कर्मी का शव, मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर आंट गांव में बृहस्पतिवार सुबह एक सफाई कर्मी का शव घर के अंदर कमरे में फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रसूलपुर आंट निवासी राहुल (25) सफाई कर्मी था। बुधवार देर रात वह घर में खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। गुरुवार सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं निकला तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन जब कमरे के पास पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। खिड़की से झांककर देखने पर राहुल का शव दुपट्टे के सहारे कमरे में लगे हुक से लटका दिखाई दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी सोनम हैं। परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है। प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कासिमपुरः छात्राओं की शानदार सफलता, क्षेत्र में खुशी का माहौल

**अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह**

कासिमपुर। संतोष इंटर कॉलेज की छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आस्था कोचिंग के मार्गदर्शन में पढ़ने वाली नायंशी यादव और जान्हवी यादव ने अपनी मेहनत और लगन से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, जिससे परिजनों व शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। ग्राम कुमेदानखेड़ा निवासी संदीप यादव की पुत्री नायंशी यादव ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, अनिल यादव की पुत्री जान्हवी यादव ने 89.16 प्रतिशत अंक हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। दोनों छात्राओं की सफलता उनके अनुशासन, निरंतर अध्ययन और दृढ़ संकल्प का परिणाम मानी जा रही है। आस्था कोचिंग के संचालक एवं अंग्रेजी शिक्षक दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि छात्राओं ने शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीरता दिखाई और नियमित अभ्यास के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्र में इस सफलता को लेकर गर्व और उत्साह का माहौल बना हुआ है।





# एआईआरएफ के तत्वावधान में ट्रैकमेन्टेनर्स महासम्मेलन का हुआ आयोजन

**ईसीआरकेयू के बैनर तले सैंकड़ों ट्रैकमेन्टेनर्स हुए शामिल। ट्रैकमैन्टेनर्स के विभिन्न ग्रेड पे की प्रतिशतता में बड़ा परिवर्तन।**

**अमन लेखनी समाचार**



दिल्ली। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के तत्वावधान में बुधवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ऑल इंडिया ट्रैकमैन्टेनर्स महासम्मेलन आयोजित किया गया। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे भारत से ट्रैकमेन्टेनर्स शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव थे और संचालन एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने किया। उक्त जानकारी देते हुए मौके पर उपस्थित एआईआरएफ वर्किंग कमिटी मेम्बर एवं ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिव गोपाल मिश्रा ने बताया कि ट्रैकमेन्टेनर्स के लिए व्यापक पदोन्नति के रूप में कैडर रिस्ट्रक्चरिंग कमिटी में फेडरेशन के प्रस्ताव पर रेलवे बोर्ड स्तर पर सहमत हो चुकी है। अब उच्च ग्रेड पे में अधिक से अधिक प्रतिशत ट्रैकमेन्टेनर्स को इसका लाभ वर्ष 2023 से ही मिल जाएगा। साथ ही, वेतन आयोग के समक्ष 4200 ग्रेड पे देने सहित कनीय अभियंता रेल पथ तक पदोन्नति चैनल का प्रस्ताव रखा गया है उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में रेलमंत्री ने अपनी बात रखते हुए कहा कि ग्रासरूट पर काम कर रहे ट्रैकमेन्टेनर्स रेल संरचना के महत्वपूर्ण अंग हैं हम सभी मिलकर इनके बेहतर वेतन, भत्ते, पदोन्नति प्रक्रिया और सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में पूरे जोश सहित ईसीआरकेयू की ओर से भी पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल से रणधीर प्रसाद एवं विकास कुमार, संजय कुमार, रंजीत पाण्डेय, रवींद्र कुमार, दीपक कुमार, अरविंद, अजय, महेंद्र कुमार के प्रतिनिधित्व में सैंकड़ों ट्रैकमेन्टेनर्स इस महासम्मेलन के सफल आयोजन में सहभागी बने।

एआईआरएफ ने कैडर रिस्ट्रक्चरिंग कमिटी में सहमति बनाई ट्रैकमैन्टेनर्स के विभिन्न ग्रेड पे की प्रतिशतता में बड़ा परिवर्तन

पूर्व में था :-

2800GP में 10%

2400GP में 20%

1900GP में 20%

1800GP में 50%

अब होगा :-

2800 GP - 20%

2400 GP - 25%

1900 GP -20%

1800 GP -35%

# पुलिस कब्जे में है कार, और मालिक फरार?

## एक सप्ताह बाद भी खाली खाकी के हाथ

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद (हरदोई)। शाहाबाद मंडी के पास दुकानों में हुई भीषण तोड़फोड़ और लूटपाट की वारदात को बीते एक सप्ताह से ज्यादा का वक्त हो चुका है, लेकिन पुलिस की जांच अभी भी 'अंधेरे में तीर' चलाने जैसी बनी हुई है। सवाल यह है कि जब घटना के 4 दिन बाद आरोपियों की लग्जरी कार बरामद हो चुकी है, तो उस कार के मालिक और उसमें सवार 'रईसजादों' तक पहुंचने में पुलिस के पैर क्यों कांप रहे हैं? जबकि घटना में 5 नामजद सहित 50 से 60 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। हालांकि पुलिस एक दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है, लेकिन मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ में आ पा रहे हैं। खाकी पर रसूख का पहराः वारदात के सात दिन बाद भी आरोपियों का सलाखों के पीछे न होना कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। क्या इन गुंडों को किसी सफेदपोश का 'संरक्षण' प्राप्त है? या फिर इनके 'रसूख' के आगे पुलिस की तफ्तीश ने घुटने टेक दिए हैं? सरेआम दुकानों में घुसकर तोड़फोड़ और लूटपाट। मौके से पुलिस ने एक कीमती लग्जरी कार जब्त की। हफ्ता बीतने के बाद भी गिरफ्तारी के नाम पर 'जीरो'। सीसीटीवी और बरामद कार भी नहीं खोल पा रही राजः हैरानी की बात यह है कि आज के डिजिटल दौर में, जहां पुलिस मामूली चोर को घंटों में दबोच लेती है, वहां लग्जरी कार और सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद अपराधी पुलिस की पहुंच से दूर हैं। व्यापारी वर्ग में भारी आक्रोश है और चचाओं का बाजार गर्म है कि आखिर वो कौन सी 'अदृश्य ताकत' है जो इन आरोपियों को बचा रही है। जब गाड़ी हमारे पास है, तो गाड़ी का मालिक कौन है और उस दिन उसे कौन वि चला रहा था, यह पता लगाना रॉकेट ला साइंस नहीं है। देरी दाल में कुछ काला नि होने का इशारा कर रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस अभी भी क रतलाश जारी हैर और जल्द गिरफ्तारी श होगीर जैसे रटे-रटाए जुमले फेंक रही है। अ लेकिन सवाल वही है अगर कार बरामद म हो गई, तो आरोपी पाताल में तो नहीं समा पन गए अब देखना यह है कि प्रशासन जा व्यापारियों के गुस्से को शांत करने के में लिए कोई ठोस कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी 'फाइल' बनकर दब जाएगा। चर्चा तो यह भी है कि कार के अंदर से कुछ ऐसे 'सुराग' मिले हैं जो शहर के बड़े घरानों की नींद उड़ा सकते हैं। शायद इसीलिए खाकी अभी 'वेट एंड वॉच' की मुद्रा में है !

# मंडलायुक्त ने 10 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा की

**कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए सख्त निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में बुधवार को 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करें और कार्यों की प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित करें। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने पाया कि कुछ परियोजनाओं में अपेक्षित गति नहीं है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और देरी के कारणों की जानकारी भी मांगी। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों में बाधाएं आ रही हैं, उन्हें तत्काल दूर कर परियोजनाओं को गति दी जाए। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बेहद जरूरी है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी कार्य मानकों के अनुरूप कराए जाएं और गुणवत्ता की नियमित जांच कराई जाए। बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपद में चल रही परियोजनाओं की प्रगति से मंडलायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अधिकांश परियोजनाएं तय समयसीमा के अनुसार आगे बढ़ रही हैं और शेष कार्यों को भी तेजी से पूरा कराया जा रहा है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिन्हें शीघ्र पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकास योजनाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला और कहा कि पंचायत स्तर पर भी कार्यों की निगरानी की जा रही है। एसडीएम सदर दीपक गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागों से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में मंडलायुक्त ने पुनः निर्देशित किया कि सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि विकास परियोजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर पहुंचे। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी, एसडीएम सदर दीपक गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोनभद्र जिले के 40 वें जिलाधिकारी के रूप में बद्री नाथ सिंह का कार्यकाल रहा सराहनीय

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह को आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद सोनभद्र से विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग के रूप में स्थानान्तरण होने पर भाव भीनी विदाई दी गयी, इस अवसर पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने उपस्थित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं में स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया है, जो व्यक्ति सरकारी सेवाओं में आया है वह समय-समय पर स्थानान्तरित होते हुए एक दिन सरकारी सेवा एक-दूसरे स्थान पर जाता रहता है। जो अधिकारी व कर्मचारी काफी मेहनती और ईमानदार होते हैं, उनके स्थानान्तरण के फलस्वरूप बिदाई देते वक्त मन भावुक हो जाता है। जनपद-सोनभद्र में मेरे अन्तिम कार्य दिवस को इतना यादगार बनाने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद और जनपद सोनभद्र में आने के दिन से आप सभी ने जो मेरा सहयोग किया है, यह कड़ी हमारे लिए यादगार रहेगी। प्रशासनिक सेवा के कार्यो को समयबद्धता के साथ किये जाने पर किसी अधिकारी कर्मचारी के ऊपर किसी प्रकार का कोई मानसिक दबाव नहीं होता और वह अपने कार्यो को बेहतर ढंग से कर लेता है शासकीय कार्यो के निर्वहन में पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजनायो से लाभान्वित कराया जाना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने भी जिलाधिकारी द्वारा जनपद में किये गये सराहनीय कार्यो के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि ऐसे ही कर्मठ एवं लगनशील अधिकारी के रूप में जिलाधिकारी ने सोनभद्र जिले में लगभग 01 वर्ष 10 महीने की अविस्मर्णीय सेवा करते हुए स्थानान्तरित होकर विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग के पद पर जा रहे हैं। सोनभद्र के अधिकारी व कर्मचारी जिलाधिकारी से कार्य करने की शैली व जटील समस्याओं का समाधान सहजता से निराकरण कैसे किया जाये, काफी कुछ चीजें सरकारी सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए सीखा है और जिले के सभी अधिकारी व कर्मचारी जिलाधिकारी के उज्जवल भविष्य के साथ ही अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद में किये गये सराहनीय कार्यो से सम्बन्धित डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला कृषि अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को माल्यार्पण कर स्मृतिचिन्ह भेंट किये और विदाई समारोह में जिले के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने जिलाधिकारी के कार्यकाल की सराहना की।

# मिशन शक्ति के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# 29 अप्रैल को गंगा एक्सप्रेसवे का भव्य लोकार्पण

## तैयारियों का जायजा लेने मल्लावां पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 अप्रैल को मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कार्यक्रम को लेकर जनपद हरदोई में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और सभी विभागों के अधिकारी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मल्लावां क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच व्यवस्था, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। गंगा एक्सप्रेसवे, जो मेरठ से प्रयागराज तक लगभग 594 किलोमीटर लंबा है, प्रदेश के 12 जिलों को जोड़ते हुए विकास की नई रफ्तार देगा। इसके शुरू होने से दोनों शहरों के बीच यात्रा समय घटकर करीब 6 से 8 घंटे रह जाएगा, जिससे व्यापार, उद्योग और आवागमन को बड़ा लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाई देगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अमले में व्यापक तैयारियां जारी हैं और पूरे जनपद में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

शरीर के भीतर कोई बीमारी पनप रही है, इसकी जांच के लिए अलग-अलग टेस्ट तो किए ही जाते हैं। लेकिन अगर ध्यान दें तो आंखों से भी कई तरह के हेल्थ इंडिकेशंस मिल सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

# आंखें देती हैं हेल्थ इंडिकेशंस



एलर्टनेस


डॉ. मधुस्मिता बेहेरा
नेत्र रोग विशेषज्ञ


हमारी आंखें, शारीरिक स्वास्थ्य की खिड़की जैसी होती हैं। इसलिए सेहत पर नजर रखने के लिए समय-समय पर नेत्र रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखाते रहें। आंखों के पिछले हिस्से यानी रेटिना से चिकित्सक को आपकी नर्व्स और ब्लड वेसल्स का हाल पता चल जाता है। इनका बारीकी से मुआयना करने पर कई खतरनाक रोगों का शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है, जिससे समय पर इलाज शुरू करवा कर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ब्रेन हेल्थ:** आंखों की पुतली और ऑप्टिक नर्व सीधे मस्तिष्क से जुड़ी होती हैं, जिससे ट्यूमर या अल्जाइमर जैसी स्थितियों का संकेत मिल सकता है। आंखों के पीछे रेटिना में वसा और कैल्शियम के छोटे जमाव अल्जाइमर रोग का संकेत हो सकते हैं। शोध के अनुसार, दृष्टि में बदलाव डिमेंशिया के निदान से कई साल पहले आ सकते हैं।

**ब्रेन ट्यूमर:** आंखों की जांच के दौरान ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) में सूजन या दबाव का पता चल सकता है, जो मस्तिष्क में ट्यूमर का संकेत हो सकता है।

**हृदय रोग:** पलकों के आस-पास वसा जमा होना या रक्त वाहिकाओं की स्थिति हृदय संबंधी जोखिमों को दर्शा सकती है। फ्लोरिडा (अमेरिका) की नोवा साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ ऑप्टोमेट्री आई केयर इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर और नेत्र रोग विशेषज्ञ जोसेफ पिजिमेंटी कहते हैं कि हम आंखों के चेकअप से ब्रेन ट्यूमर और ब्रेस्ट कैंसर से लेकर लंग्स कैंसर तक का पता लगा सकते हैं जिनका प्रभाव आंखों तक पहुंच जाता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीज की दृष्टि में आए परिवर्तन की जांच करके ब्रेन ट्यूमर की आशंका का पता लगा सकते हैं।

**डायबिटीज:** टाइप 2 डायबिटीज के शुरुआती संकेतों में से एक है रेटीना में मामूली मात्रा में ब्लीडिंग होना, जो डायबिटिक रेटीनोपैथी का लक्षण है। इसका समय पर इलाज शुरू न किया जाए, तो मरीज अपनी दृष्टि पूरी तरह खो सकता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी का शुरुआती चरण में पता चल जाए तो जीवनशैली में बदलाव लाकर, पौष्टिक भोजन के माध्यम से और वजन घटाकर दृष्टिहीनता के खतरे को कम किया जा सकता है।

**उच्च रक्तचाप:** न्यूयॉर्क (अमेरिका) की विल कोर्नेल मेडिकल कॉलेज में ऑफ्थेल्मोलॉजी की प्रोफेसर जेसिका सिराल्सकी कहती हैं, ब्लड वेसल्स को पहुंची क्षति, धमनियों में सिकुड़न और उनका कमजोर होना आदि उच्च रक्तचाप की निशानी हो सकते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक रेटीना की छोटी ब्लड वेसल्स का संकरा होना हार्ट डिजीज का संकेतक हो सकता है।

**मल्टीपल स्क्लेरोसिस:** अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मिटशेल मुनसोन बताते हैं कि ऑप्टिक नर्व का इनफ्लेमेशन यानी ऑप्टिक न्यूराइटिस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस का शुरुआती लक्षण हो सकता है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस के 75 फीसदी मरीजों में ऑप्टिक न्यूराइटिस होता है। लेकिन ऑप्टिक न्यूराइटिस का मतलब यह जरूरी नहीं कि मरीज को एमएस डिजीज भी हों, यह किसी अन्य कारण से भी हो सकता है।

**रूमेटाइड आर्थराइटिस:** विशेषज्ञ बताते हैं कि रूमेटाइड आर्थराइटिस के 25 फीसदी मरीजों में आंखों की समस्या भी पाई जाती है। जिनमें ड्राई आइज की समस्या सबसे आम है। अगर किसी मरीज की आइरिस में साल में दो बार दर्द और इन्फ्लेमेशन की शिकायत हो, तो उसमें रूमेटाइड आर्थराइटिस की संभावना होती है।

कहने का सार है कि आपको अपनी आंखों की रेग्युलर जांच करानी चाहिए। *

प्रस्तुति: अंजू जैन

हेल्थ सजेशन


शिखर चंद जैन



सभी हेल्थ एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि स्वस्थ-निरोगी तन और दीर्घायु जीवन रातों-रात प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बल्कि यह हमारे रोजमर्रा की जीवनशैली में शामिल छोटी-छोटी अच्छी आदतों का परिणाम होता है। आपकी जीवनशैली और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधा संबंध होता है। आधुनिक विज्ञान यह साबित कर चुका है कि हमारी दैनिक आदतें हमारे जीन से भी ज्यादा प्रभावशाली हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों के आधार पर यहां 10 ऐसी हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपका अच्छा स्वास्थ्य तय करते हैं। यानी इन सूत्रों पर अमल करके आप स्वस्थ और ऊर्जावान बने रह सकते हैं।

## प्लांट-बेस्ड डाइट को अपनाएं

दुनिया में मौजूद 'ब्लू जोन' (जहां रहने वाले लोग सबसे ज्यादा जीते हैं) पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज आधारित भोजन, कैंसर और हृदय रोगों को दूर रखता है। इसके लिए आपके भोजन की थाली का आधा हिस्सा फलों और सब्जियों से भरा होना चाहिए। साबुत अनाज (ओट्स, ब्राउन राइस) और बींस (दालें, मटर, लोबिया) को भी अपने आहार में शामिल करना लाभकारी होता है। पशु उत्पादों (मांस, डेयरी) को अपने आहार में कम शामिल करें, पूरी तरह बंद करना अनिवार्य नहीं है। प्रोसेस्ड फूड के सेवन से बचें और साबुत खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें।

## सर्केडियन रिदम रखें सही

सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक 24 घंटे एक्टिव रहने वाली घड़ी। यही हमारे सोने-जागने, हार्मोन स्तर, मेटाबॉलिज्म और तापमान को नियंत्रित करके स्वास्थ्य को बनाए रखती है। यह रात में मेलाटोनिन जारी कर अच्छी नींद, दिन में ऊर्जा और शरीर को रिपेयर करने में मदद करती है, जिससे तनाव कम होता है और शुगर/बी.पी. जैसी बीमारियों का जोखिम घटता है। शोध बताते हैं कि शरीर की आंतरिक घड़ी के अनुसार जागना और सोना मेटाबॉलिज्म को ठीक रखता है। समय पर सोने से हृदय रोग और डायबिटीज का खतरा कम होता है।



## तनाव प्रबंधन है बहुत जरूरी

अच्छे जीवन के लिए तनाव प्रबंधन भी जरूरी है। तनाव प्रबंधन, शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम करके, रक्तचाप को नियंत्रित रखकर और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखता है। नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद और योग/ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन किया जा सकता है। यह अनिद्रा और थकान को दूर करता है, जिससे हृदय रोग और पुरानी बीमारियों का जोखिम कम होता है। लंबे समय तक तनाव रहने से 'कार्टिसोल' नामक हार्मोन का स्तर बढ़ता है। रिसर्च कहती है कि ध्यान और योग क्रॉनिक इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।

स्वस्थ, ऊर्जावान और दीर्घायु जीवन की कामना लगभग सभी लोग करते हैं। लेकिन इसके लिए अपनी जीवनशैली में किन बातों को अमल में लाना जरूरी होता है, इस बारे में कम लोग ही जानते हैं। विभिन्न अध्ययनों पर आधारित हम यहां दस ऐसे कारगर सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप लंबे समय तक स्वस्थ, ऊर्जावान जीवन जी सकते हैं।

# स्वस्थ जीवन के लिए अपनाएं 10 सरल-कारगर सूत्र







## अच्छी हो नींद की गुणवत्ता

'नेशनल स्लीप फाउंडेशन' के अनुसार, डेली 7-9 घंटे की गहरी नींद मस्तिष्क से विषाक्त पदार्थों को साफ करती है, जिससे अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। अच्छी नींद की गुणवत्ता शारीरिक मरम्मत, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन के लिए अनिवार्य है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, तनाव वाले हार्मोन के स्तर को कम करती है, याददाश्त बढ़ाती है और वजन प्रबंधन में मदद करती है। बिना रुकावट वाली गहरी नींद, आपको ऊर्जावान बनाए रखने और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए भी जरूरी है।

## सक्रिय जीवनशैली को अपनाएं

अच्छी हेल्थ के लिए सक्रिय जीवनशैली भी बहुत मायने रखती है। 'हार्वर्ड हेल्थ' (हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) के अनुसार, रोजाना 30 मिनट की वॉकिंग दीर्घायु होने में सहायक हो सकती है। व्यायाम न केवल वजन घटाता है, बल्कि एंडोर्फिन नामक हार्मोन जारी करता है, जो मानसिक स्वास्थ्य सुधारता है। सक्रिय जीवनशैली, हृदय के स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और मानसिक मजबूती बढ़ाकर शरीर को स्वस्थ रखती है। यह हृदय रोगों, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करती है। इसके साथ ही मांसपेशियों/ हड्डियों को मजबूत बनाकर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि भी करती है।



### स्क्रीन टाइम ना हो अनलिमिटेड

**अत्यधिक मोबाइल** का उपयोग मानसिक थकान और आंखों की समस्याओं की वजह बन सकता है। कई शोध बताते हैं कि आज के समय में डिजिटल डिटॉक्स जरूरी हो गया है। स्क्रीन एडिक्शन के बजाय नेचर के करीब समय बिताने से ब्लड प्रेशर तुरंत कम होता है। स्क्रीन का कम उपयोग दिमाग को शांत करता है, जिससे किसी काम में ध्यान (फोकस) बेहतर होता है। आंखों की सुरक्षा के लिए हर 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर देखने (20-20-20 नियम) से आंखों का सूखापन और तनाव कम होता है। स्क्रीन-मुक्त समय में टहलने, योग करने या हॉबी अपनाने से शारीरिक गतिविधि बढ़ती है और मोटापा कम होता है। भोजन के समय या बेडरूम में फोन का उपयोग न करने से परिवार और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का अवसर मिलता है, इससे आपको खुशी मिलती है।



## सामाजिक जुड़ाव है बहुत जरूरी

'हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट' (करीब 80 साल तक चली स्टडी) में पाया गया कि अच्छे रिश्ते हमें खुश और स्वस्थ रखते हैं। अकेलापन, धूम्रपान जितना ही हानिकारक होता है। सामाजिक जुड़ाव मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता को कम करके, दीर्घकालिक बीमारियों का जोखिम घटाकर और स्वस्थ व्यवहारों (जैसे व्यायाम, अच्छी नींद) को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य में सुधार करता है। परिवार और दोस्तों के साथ मजबूत रिश्ते सकारात्मक भावनाएं, जीवन में उद्देश्य प्रदान करते हैं, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

## हाइड्रेशन लेवल ना हो कम

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी आवश्यक होता है। ऐसा करना गुर्दे यानी किडनी की कार्यक्षमता और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है। शोध बताते हैं कि सही मात्रा में हाइड्रेशन, त्वचा और पाचन के लिए भी अनिवार्य है। यह शारीरिक तापमान को नियंत्रित करता है, जोड़ों को चिकनाई प्रदान करता है, पोषक तत्वों का परिवहन करता है, ऊर्जा स्तर बनाए रखता है और पाचन में मदद करता है। रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से किडनी स्वस्थ रहती है और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते रहते हैं।

## गट हेल्थ हो सही

अच्छी हेल्थ और गट हेल्थ के रिलेशन पर किया गया हालिया रिसर्च, 'गट-ब्रेन एक्सिस' पर जोर देता है। प्रो-बायोटिक्स और फाइबर युक्त भोजन हमारे इम्यून सिस्टम को 70-80 प्रतिशत तक नियंत्रित करते हैं। इसलिए गट हेल्थ पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

## नशीले पदार्थों से रहें दूर

प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' की रिपोर्ट के अनुसार, शराब, तंबाकू या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन किसी भी स्तर पर सुरक्षित नहीं है। यह सीधे तौर पर डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। इसलिए स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए किसी भी नशीले पदार्थ का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक हो सकता है। यहां बताई गई बातों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर निश्चित ही आप स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जी सकते हैं। *

डिजीज


डॉ. अनुराग अग्रवाल
क्लिनिकल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स, ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद


लगभग एक हजार बच्चों में से एक को हिप ज्वाइंट से जुड़ा डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया रोग होता है। इसमें बच्चे की मूवमेंट प्रभावित हो सकती है। समय पर ट्रीटमेंट न कराने पर प्रॉब्लम बढ़ सकती है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# डेवलपमेंटल डिस्प्लेसिया ऑफ हिप बच्चे के मूवमेंट को करता है प्रभावित



हाल ही में फिल्म एक्टर वरुण धवन की 2 साल की बेटी के एक फिजिकल प्रॉब्लम से उबरने की खबर सामने आई। उनकी बेटी डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप (डीडीएच) नामक विकार से जूझ रही थी, जो अब उपचार के बाद ठीक है।

**क्या है यह रोग:** डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप, बच्चों के हिप सॉकेट या कूल्हे के जोड़ में होने वाली विकृति है। इसे हिप डिसप्लेसिया भी कहा जाता है। जोड़ शरीर का वह हिस्सा होता है, जहां दो हड्डियां आपस में मिलती हैं। हिप का जोड़ जांघ की हड्डी (फीमर) और पेल्विस के बीच का जुड़ाव बिंदु होता है। डीडीएच में हिप का जोड़ नॉर्मल स्वस्थ जोड़े की तरह विकसित नहीं हो पाता और काफी उथला या ढीला हो जाता है। फीमोरल हेड बॉल (फीमर का ऊपरी भाग) पेल्विस में मौजूद हिप सॉकेट (एसीटैबुलम) में सही तरीके से फिट नहीं हो पाता और बाहर निकलने लगता है। जिसकी वजह से मरीज का हिप-लक्सेशन शुरू हो जाता है यानी हिप अपनी जगह से खिसक जाती है। जांघ के अंदरूनी हिस्से-ग्रोइन में सामान्य से ज्यादा गहरे स्किन-फोल्ड या क्रीज बन जाती हैं। पैर के बाहर की तरफ खोलने का मूवमेंट रुक जाता है। जिस पैर में यह दिक्कत होती है, वो पैर थोड़ा छोटा हो सकता है। बच्चे को हिप में अकड़न-सी महसूस होती है, मूवमेंट करने पर हिप के अंदर चटकने या क्लिक की आवाज आती है।

**क्या होता है असर:** डीडीएच डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो बचपन में ही हो जाता है। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे समस्या बढ़ती जाती है। बच्चे को क्रॉनिक दर्द रहता है। उसके हिप के मूवमेंट बहुत कम हो जाते हैं। पैर छोटे-बड़े हो जाने पर बच्चे को चलने-फिरने में दिक्कत आती है। नजरअंदाज करने पर बड़े होने पर बच्चे को हिप ऑस्टिओअर्थराइटिस हो सकता है। यानी हिप खराब होने और चाल में स्थाई रूप से लंगड़ापन आने की संभावना रहती है। जबकि सही ढंग से उपचार होने पर बच्चा सामान्य जीवन जी सकता है।

**समस्या के कारण:** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

- आनुवांशिक, जेनेटिक फैक्टर्स की वजह से होता है।
- ब्रीच पाश्जीशन/उल्टे पैदा हुए बच्चे जो जन्म के समय सिर के बजाय हिप्स के माध्यम से पैदा होते हैं।
- प्री-मैच्योर पैदा हुए बच्चे।
- पैरेंट्स की गलत आदतें जैसे बच्चे को उठाते या सुलाते समय बच्चे के पैर सीधे करके हिप्स को चादर, टावल या कंबल से कसकर बांधना।

**किन्हें है खतरा:** लड़कियों में लड़कों की अपेक्षा 80 प्रतिशत मामले ज्यादा होते हैं। पहली संतान को ज्यादा खतरा रहता है।

**न करें नजरअंदाज:** पैरेंट्स को इसके कोई भी लक्षण नजर आएं, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर उपचार कराना चाहिए। बच्चे का पैरों की लंबाई या जांघों के आस-पास ग्रोइन एरिया के स्किन-फोल्ड असमान दिखाई दें, हिप के आस-पास हाथ लगाने पर कोई आवाज सुनाई दे या हिप के मूवमेंट प्रॉपर न हों या मूवमेंट सामान्य से कुछ कम लगे।

**कैसे होता है डायग्नोज:** डीडीएच को कंफर्म करने के लिए डॉक्टर बच्चे का हिप एब्डेक्शन टेस्ट या बार्लोस-मैनुअल टेस्ट करते हैं। साथ ही हिप फीमर की स्थिति की जांच के लिए 4-6 महीने के बच्चे का अल्ट्रासाउंड और बड़े बच्चे का एक्स-रे टेस्ट भी कराया जाता है।



**क्या है उपचार:** इस रोग का उपचार बच्चे की उम्र और समस्या की गंभीरता पर निर्भर करता है। 6 महीने से छोटे बच्चे का हिप हाथ लगाने पर अगर अंदर की तरफ रिड्यूस हो रहा है, तो बच्चे को पेल्विक हार्नेस ब्रेस लगाया जाता है। जो बच्चे के हिप्स को बाहर की तरफ फैलाकर और घुटनों को मोड़कर रखता है। हिप पर प्रेशर पड़ने से धीरे-धीरे रिड्यूस होकर स्टेबल हो जाता है। पेल्विस में एसीटैबुलम सॉकेट सही पोजीशन में आ जाता है, जिसमें फीमर हेड आसानी से फिट हो जाता है। शुरू में ब्रेस पूरे टाइम के लिए लगाया जाता है, कुछ टाइम बाद सिर्फ रात को लगाने के लिए कहा जाता है। अगर बच्चा 6 महीने से बड़ा है और हिप सही पोजीशन में नहीं जा पा रहा हो तो ऐसी स्थिति में हिप-रिडक्शन सर्जरी की जाती है और कुछ समय के लिए हिप स्पाइका कास्ट प्लास्टर लगाया जाता है। इस तरह की सर्जरी से पहले हिप को रिड्यूस करके सही पोजीशन में लाया जाता है। कुछ समय बाद यह फिट हो जाता है।

**रखें ध्यान:** बच्चे को डीडीएच की समस्या से बचाने के लिए पैरेंट्स को यहां बताई जा रही बातों पर अमल करना जरूरी है।

- पैदा होने पर बच्चे के हिप्स को बहुत ज्यादा कसकर नहीं बांधें, ताकि बच्चा अपने घुटने को किक करने वाले मूवमेंट को आराम से कर सके।
- बच्चे के पैरों को लंबे समय तक जबरदस्ती सीधे करके नहीं रखें। हिप और घुटने का मूवमेंट होते रहना बहुत जरूरी है।
- बच्चे को उठाते समय ध्यान रखें कि बच्चा फ्रॉग और एम पोजीशन में रहे ताकि बच्चे का हिप्स और हिप सॉकेट एसीटैबुलम ठीक पोजीशन में हो।
- बच्चे को सीट पर बिठाते समय ध्यान रखें कि उसके घुटने-हिप्स के ऊपर हों।
- बच्चों के चलने-फिरने और फिजिकल ग्रोथ पर नजर रखें। किसी भी तरह की असामान्यता नजर आने पर यथाशीघ्र मेडिकल सलाह लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

# ट्रंप अब युद्ध नहीं चाहते!



युद्धविराम की अवधि समाप्त होने से करीब अढाई घंटे पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने बेमियादी युद्धविराम की घोषणा कर दी। जब तक अमरीका और ईरान के बीच बातचीत नहीं होती, तब तक युद्धविराम जारी रहेगा। दूसरी तरफ, ईरान अपनी मांग और शर्त पर अड़ा है कि जब तक होर्मुज और ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी खत्म नहीं की जाती, तब तक कोई वार्ता नहीं होगी। ईरान ने डाकिए पाकिस्तान की दोगली भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। बल्कि अब ईरान को भरोसा नहीं है कि पाकिस्तान तटस्थ संदेशवाहक की भूमिका भी निभा सकता है। अमरीकी खुफिया एजेंसी ने भी रपट दी है कि पाकिस्तान का फील्ड मार्शल जनरल मुनीर अमरीका के साथ विश्वासघात साबित हो सकता है। वह मार दिए गए ईरानी जनरल सुलेमानी के बहुत करीब था और आज भी आईआरजीसी के कमांडरों से उसके अच्छे संबंध हैं। बहरहाल अब अमरीकी राष्ट्रपति की जुबानी भाषा काफी बदल चुकी है। अब वह ईरान को पाषाण-युग में भेजने और सभ्यता को नष्ट करने सरीखे बयान नहीं दे रहे हैं। अब ट्रंप तबाही, बर्बादी के बहुत कम बयान देने लगे हैं। अब राष्ट्रपति ट्रंप और ईरान युद्ध का फोकस होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर आ गया है। अमरीकी नाकेबंदी अभी जारी रहेगी, लेकिन ईरानी सैनिक कंटेनर जहाजों पर हमले कर रहे हैं। ईरान ने तीन जहाजों पर हमले भी किए हैं और दो जहाजों को जब्त कर लिया है। एक जहाज भारत के मुंद्रा, गुजरात बंदरगाह पर आना था। अमरीका की भारी-भरकम नौसेना ईरान का कुछ भी बिगाड़ नहीं पाई अथवा अब नरमी बरती जा रही है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम और करीब 440 किग्रा परिष्कृत यूरेनियम का मुद्दा काफी पीछे छूट गया है। भारतीय रक्षा विशेषज्ञों के दावे हैं कि अमरीका, अंततः, ईरान को परमाणु कार्यक्रम जारी रखने की 20 साल की मोहलत देगा। उसके बाद ईरान को उसे समेट कर अमरीका को सौंपना होगा।

किसने देखे 20 साल! न तो हम होंगे और ट्रंप भी निश्चित रूप से ऐसी हैसियत में नहीं होंगे। मुद्दे को टालने का फैसला किया जा सकता है। ईरान की मिसाइल रेंज कम करना अथवा उन्हें बैलिस्टिक एक हद तक ही रखना भी अब फोकस में नहीं है। दरअसल अब राष्ट्रपति ट्रंप युद्ध से बाहर निकलना चाहते हैं। उन्हें ऐसी रपटें दी गई हैं कि थाड, पैट्रियट, सटीक, एसएम श्रेणी की, उच्चतम स्तर की, मिसाइलें 50 फीसदी से 20 फीसदी तक युद्ध में खर्च की जा चुकी हैं। यदि ऐसे में चीन जैसे देश के साथ टकराव की नौबत आती है, तो अमरीका कुछ दिन की लड़ाई लड ? में भी अक्षम, असहाय होगा। इन मिसाइलों के पर्याप्त उत्पादन में 3-5 साल लग सकते हैं। इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रंप की, अमरीका में ही, स्वीकार्यता 30-32 फीसदी ही शेष है। संसद और जनता में उनके खिलाफ भारी रोष, आक्रोश है। मध्यावधि चुनाव 7 नवंबर को होने हैं, जिनके लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया मई में ही शुरू होनी है। ऐसे में युद्धविराम के मद्देनजर ट्रंप की मजबूरी को समझा जा सकता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के सामने यक्ष-प्रश्न है कि वह अमरीका को क्या बताएंगे- युद्ध जीता अथवा अधूरा छोड़ कर लौटना पड़ा? दोनों ही स्थितियों में उनके सामने सवाल होंगे, फजीहत होगी। बहरहाल युद्ध को समाप्त कराने और होर्मुज के अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग को खुलवाने, सुरक्षित आवाजाही, को लेकर कई प्रयास किए जा रहे हैं। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी महत्वपूर्ण बयान दिया है कि अब भारत मध्यस्थता कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के नेताओं से बातचीत की है। शेष विश्व भी चाहता है कि भारत यह भूमिका निभाए। किसी भी तरह युद्ध खत्म होना चाहिए। युद्ध के कारण 50 अरब डॉलर से अधिक के तेल का नुकसान हो चुका है। फ्रांस और ब्रिटेन के प्रयास से 30 देश होर्मुज को खुलवाने पर साझा विमर्श कर रहे हैं। लेकिन ईरान अब भी खाड़ी देशों और इजरायल के जल संयंत्रों, बिजली संयंत्रों और तेल-गैस ठिकानों पर हमले करने की धमकियां दे रहा है। अमरीका के करीब 1.5 लाख सैनिक और विशालकाय युद्धपोत भी ईरान को घेरे हुए मौजूद हैं। ऐसी स्थितियों में भी युद्ध समाप्त हो सकता है? प्रायः देखा गया है कि युद्ध से दोनों पक्षों को हानि ही होती है, इसलिए युद्ध में उलझना समझदारी का काम नहीं माना जाता है। यह युद्ध भी जल्द से जल्द समाप्त होना चाहिए।